

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम में अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 273 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## पी-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 अक्टूबर को 9वें पी-20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को एक बयान में दी। शिखर सम्मेलन के समापन पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 14 अक्टूबर को समापन भाषण देंगे। लोकसभा सचिवालय ने बताया कि जी-20 देशों की संसद के पीठासीन अधिकारियों के अलावा आमंत्रित देशों की संसद के पीठासीन अधिकारी भी सम्मेलन में भाग लेंगे। पैन अफ्रीकी संसद के अध्यक्ष भारत में आयोजित पी-20 शिखर सम्मेलन में पहली बार भाग लेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली के द्वारका स्थित नवनिर्मित भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो सेंटर में किया जाएगा। ब्राजील के चैंबर ऑफ डेप्युटीज के प्रेसिडेंट आर्थर सीजर परेरा डी लीरा, हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिंडसे हॉयल, पैन अफ्रीकी यूनियन के प्रेसिडेंट डॉ. अशेबीर डब्ल्यू गायो, मेक्सिको सीनेट की प्रेसिडेंट एना लिलिया रिवेरा रिवेरा, कोरिया गणराज्य की नेशनल असेंबली के स्पीकर किम जिन-प्यो, दक्षिण अफ्रीका की नेशनल काउंसिल ऑफ प्रोविंसेस के चेयरपर्सन अमोस मासोंडो, ओमान की स्टेट काउंसिल के चेयरमैन शेख अब्दुलमलिक अब्दुल्ला अल खलीली, दुआर्ते पचेको शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज भारत पहुंच गए हैं। बांग्लादेश की संसद की स्पीकर डॉ. शिरीन शर्मिन चौधरी 10 अक्टूबर को ही दिल्ली पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की सीनेट की प्रेसिडेंट सीनेटर सू लाइन्स और ऑस्ट्रेलिया के हाउस ऑफ रेप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर मिल्टन डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 07 अक्टूबर को नई दिल्ली पहुंचे।

## अब्दुल्लाह आजम को सुप्रीम झटका

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सपा नेता आजम खान के पुत्र अब्दुल्लाह आजम खान की दोषसिद्धि पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट नाबालिग होने के पहलू पर रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। ऐसे में इस स्तर पर कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने 26 सितंबर को मुरादाबाद के डिस्ट्रिक्ट जज को निर्देश दिया था कि वो किशोर न्याय अधिनियम के तहत अब्दुल्लाह आजम खान के नाबालिग होने के पहलू पर फैसला करें। 01 मई को कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया था।

# मेरा युवा भारत निकाय का होगा गठन

= इसका उद्देश्य युवाओं में सेवा और कर्तव्य भाव जागृत करते हुए उनका देश और समाज हित में उपयोग करना

**स्वायत्त संस्था**

8 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर इसकी शुरूआत की जाएगी: केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र सरकार ने** मेरा युवा भारत (माय भारत) नाम से एक स्वायत्त संस्था बनाने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य युवाओं में सेवा और कर्तव्य भाव जागृत करते हुए उनका देश और समाज हित में उपयोग करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक स्वायत्त निकाय की स्थापना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर इसकी शुरूआत की जाएगी। ये निकाय युवाओं को समान पहुंच प्रदान करते हुए युवा विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में कार्य करेगा। अनुराग ठाकुर ने बताया कि मेरा युवा भारत (माय भारत) का प्राथमिक उद्देश्य युवा विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। संसाधनों तक पहुंच और अवसरों से जुड़ने से युवा सामुदायिक परिवर्तन एजेंट और राष्ट्र निमार्ता बन जाएंगे। यह राष्ट्र निर्माण के लिए अपार युवा ऊर्जा का उपयोग करना चाहता है। यह मंच सेवा, कर्तव्य और सकारात्मक भाव वाले युवाओं के लिए है। राष्ट्रीय युवा नीति में 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। विशेष रूप से किशोरों के लिए बनाए गए कार्यक्रमों में लाभार्थी 10-19 वर्ष के आयु वर्ग के होंगे। इससे अनुभव के साथ नेतृत्व कौशल का विकास होगा। इससे युवाओं सक्रियता बढ़ेगी। युवा आकांक्षाओं और सामुदायिक आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। मौजूदा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह मंच युवा लोगों और मंत्रालयों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करेगा। इसमें एक केंद्रीकृत युवा डेटा बेस बनाया जाएगा। सरकारी पहलों और अन्य हितधारकों की गतिविधियों को जोड़ने के लिए दोतरफा व्यवस्था प्रदान करेगा। यह एक भौतिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हुए युवाओं की पहुंच सुनिश्चित करेगा।

## लिथियम, नाइओबियम और आरईई के खनन के लिए रॉयल्टी दरों को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने तीन महत्वपूर्ण खनिजों- लिथियम, नाइओबियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) के खनन के लिए रॉयल्टी दरों को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव से खनन क्षेत्र में रोजगार सृजन बढ़ने की भी उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर अधिनियम) की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी। रॉयल्टी की दर को मंजूरी से अब केंद्र सरकार ब्लॉकों की नीलामी कर पाएगी। आज तय रॉयल्टी इस प्रकार है: लिथियम- लंदन मेटल एक्सचेंज मूल्य का 3 प्रतिशत, नाइओबियम - औसत बिक्री मूल्य का 3 प्रतिशत (प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों दोनों के लिए), आरईई- रेयर अर्थ ऑक्साइड के औसत बिक्री मूल्य का 1 प्रतिशत। केंद्र सरकार का कहना है कि इससे आर्थिक विकास होगा और राष्ट्रीय सुरक्षा बढ़ेगी, स्वदेशी खनन से आयात में कमी आएगी और संबंधित उद्योगों की स्थापना होगी तथा ऊर्जा स्रोतों के परिवर्तन की सुविधा प्रदान करेगा और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने में मदद करेगा। इससे खनन क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2023 संसद द्वारा पारित किया गया था। यह 17 अगस्त से लागू हो गया। इसमें लिथियम और नाइओबियम सहित छह खनिजों के नाम परमाणु खनिजों की सूची से हटा दिया। इससे अब नीलामी के माध्यम से निजी क्षेत्र को इन खनिजों के लिए रियायतें देने की अनुमति मिल गई है। संशोधन में प्रावधान किया गया कि लिथियम, नाइओबियम और आरईई सहित 24 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के खनन पट्टे और समग्र लाइसेंस की नीलामी केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी।

## भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कप्तान** रोहित शर्मा (131) के ऐतिहासिक शतक की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराकर विश्व कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट पर 272 रन बनाए, जवाब में भारत ने रोहित के तूफानी शतक की बदौलत 35 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 273 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। 273 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने तेज शुरूआत दिलाई, विशेषकर रोहित ने टी-20 अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अफगानी गेंदबाजों की जमकर खबर ली और केवल 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। ईशान और रोहित ने केवल 18.3 ओर में 156 रन जोड़ दिये। इस दौरान रोहित ने केवल 63 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। 156 के कुल स्कोर पर ईशान किशन 47 रन बनाकर राशिद खान का शिकार बने, वहीं, रोहित 131 रन बनाकर 205 के कुल स्कोर पर राशिद के दूसरे शिकार बने। राशिद ने उन्हें बोल्ड किया। रोहित ने 84 गेंदों का सामना किया और 16 चौके और 5 छक्के लगाए। इसके बाद कोहली और श्रेयस अय्यर ने कोई नुकसान नहीं होने दिया। भारतीय टीम ने 35 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 273 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। कोहली ने 56 गेंदों पर 6 चौकों की बदौलत 55 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि श्रेयस अय्यर 23 गेंदों पर 1 चौके और 1 छक्के की बदौलत 25 रन बनाकर नाबाद रहे।

## आईएमएफ को पूंजी-संपन्न बनाए रखने की जरूरत: वित्त मंत्री निर्मला



**सुधारों पर चर्चा**

8 आईएमएफ को एक सशक्त, कोटा-आधारित और समुचित संसाधन वाला संगठन बनाने की जरूरत: वित्त मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली/मोरक्को**
**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए अच्छी तरह से पूंजी-संपन्न बनाए रखने की जरूरत है।
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईएमएफ की नीतिगत प्राथमिकताओं एवं इसकी सदस्यता विषय पर आयोजित एक गोलमेज चर्चा में शिरकत करते हुए यह बात कही। इस गोलमेज बैठक की मेजबानी मोरक्को के मराकेच में विश्व बैंक-आईएमएफ की वार्षिक बैठक के मौके पर अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने की थी। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी इस बैठक का ब्योरा देते हुए कहा कि वित्त मंत्री ने आईएमएफ के उद्देश्य और कर्ज नीतियों के अलावा इसे एक सशक्त, कोटा-आधारित और समुचित संसाधन वाला संगठन बनाने की बात कही। उन्होंने गरीबी ह्रास एवं विकास ट्रस्ट (पीआरजीटी) के वित्त पोषण और आईएमएफ के कामकाजी सुधारों के बारे में भी चर्चा की। वित्त मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष प्रमुख क्रिस्टालिना जॉजीर्वा से मुलाकात की।
विश्व बैंक-आईएमएफ की वार्षिक बैठक से इतर हुई इस मुलाकात के दौरान सीतारमण ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## राजस्थान में अब 25 नवंबर को होगा मतदान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
चुनाव आयोग ने राजस्थान विधानसभा के लिए 23 नवंबर को होने वाले मतदान की तारीख को दो दिन आगे बढ़ा दिया है। अब राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान होगा। असल में 23 नवंबर को देव उठनी एकादशी है। इस दिन राजस्थान में बड़ी संख्या में विवाह समारोह तय हैं। इसी को देखते हुए मतदान की तारीख आगे बढ़ायी गयी है। चुनाव आयोग के अनुसार विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों में भी उस दिन बड़े पैमाने पर शादी/सामाजिक कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए मतदान की तारीख में बदलाव के मुद्दे उठाए गए। इस दिन मतदान से बड़ी संख्या में लोगों को असुविधा हो सकती थी। आयोग ने इन बिंदुओं

## 'भारत में एकता की ही विविधता है'



**आदर्श एकात्मता**

8 केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा आदर्श एकात्मता का है।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली,**
**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के** सरसंघचालक मोहन भागवत ने आज कहा कि भारत में विविधता में एकता नहीं बल्कि एकता की ही विविधता है। इस कारण से हमें एक रहने के लिए किसी आधार की जरूरत नहीं है। इसी एकता का भाव भारत को दुनिया तक पहुंचाना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को डॉ अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम हॉल में आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक और अत्यधिक सम्मानित विचारक श्री रंगा हरि की पुस्तक 'पृथ्वी सूक्त : धरती माता को एक श्रद्धांजलि' का विमोचन किया। सरसंघचालक ने कहा कि अन्य देशों को एक रहने के लिए कोई आधार चाहिए, जैसे ब्रिटेन को भाषा और अमेरिका को आर्थिक संपन्नता एक बनाए हुए हैं। भारत भूमि को पर्वतों और सागर से मिली सीमाओं के कारण सालों तक समृद्धि और सुख की प्राप्ति हुई। इसके कारण भारत संघर्ष से ऊपर एकता का ज्ञान प्राप्त कर सका। भारत में जी20 में वसुधैव कुटुंबकम् का दिया भाव हमारे स्वभाव का ही हिस्सा है। उन्होंने श्रीरंग हरि को ज्ञान का उपासक बताया और कहा कि वह सदैव अध्ययनशील रहते हैं। उन्होंने उनकी लिखी यह पुस्तक पृथ्वी सूक्त को पढ़ने का भी आग्रह किया और कहा कि इस पुस्तक में भी उसे मूल एकता का ज्ञान कराया गया है। यही हमें विश्व को बताना है कि पृथ्वी माता है और वह देती है हम उसके मालिक नहीं है। इस अवसर पर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारत का सबसे बड़ा आदर्श एकात्मता का है।



चीन के हांगझू में हुए एशियाई खेलों में पदक लेकर लौटे सेना से जुड़े खिलाड़ियों को भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सम्मानित किया।

## 'पीएम मोदी का दुनिया के सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता का दर्जा बरकरार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अमेरिकी कंसल्टेंसी फर्म 'मॉर्निंग कंसल्ट' के एक सर्वे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 78 प्रतिशत की अनुमोदन रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पिछली रेटिंग्स में भी प्रधानमंत्री मोदी शीर्ष पर थे। 'मॉर्निंग कंसल्ट' की वेबसाइट के अनुसार वैश्विक नेता अनुमोदन रेटिंग ट्रैकर के लिए इस वर्ष 27 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आंकड़े एकत्र किए गए।

## मंत्रिमंडल फैसला: व्यापारियों पर मनोहर सरकार की मेहरबानी



**सौगात**

8 अनियमित निर्माण को नियमित करने को दी मंजूरी, निकायों व नगर सुधार मंडलों की प्राप्टी पर किए जा सकेंगे नए निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**
हरियाणा सरकार ने प्रदेश के व्यापारी वर्ग को बड़ी राहत देते हुए शहरी निकायों तथा नगर सुधार मंडलों के आवंटित बूथ, दुकान और सर्विस बूथों पर बने अनियमित निर्माण को नियमित करने की नीति को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा लोग मंजूरी के साथ ऐसे सभी स्थानों पर नए निर्माण भी कर सकेंगे। बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि अनाधिकृत निर्माणों को नियमित करने और नगरपालिका सीमा के भीतर नगर पालिकाओं या नगर सुधार मंडलों के आवंटित एकल स्तरीय बूथ, दुकानों और सर्विस बूथों पर पहली मंजिल या बेसमेंट या दोनों के निर्माण के लिए नई अनुमति देने के उद्देश्य से यह नीति बनाई गई है। यह नीति हरियाणा राज्य की सभी नगर पालिकाओं तक अपनी पहुंच बढ़ाएगी। यह नीति बेसमेंट और पहली मंजिल सहित मौजूदा अनाधिकृत निर्माणों के नियमितीकरण की सुविधा प्रदान करेगी और ऐसे निर्माणों के लिए नई अनुमति प्रदान करेगी। बूथ पर पहली मंजिल या बेसमेंट या दोनों के मौजूदा अनाधिकृत

**कैबिनेट के फैसले**

सरकार ने नौकरियों के दरवाजे खोल दिये हैं: चार श्रेणियों के कर्मचारियों का बढ़ा मानदेय

## हिमाचल में 2061 वन मित्र नियुक्त करेगी सुक्खू सरकार



**मिलेंगी नौकरियां**

8 मंत्रिमंडल ने वन विभाग में वन रक्षकों के 100 रिक्त पदों को अनुबंध आधार पर भरने को भी मंजूरी प्रदान की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुक्खू सरकार ने बेरोजगारों के लिए नौकरियों के दरवाजे खोल दिये हैं। राज्य सरकार 2061 वन मित्रों की भर्ती करेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में वन विभाग की वन मित्र योजना को मंजूरी प्रदान की गई। इस योजना के तहत 2061 वन बीटों में एक-एक वन मित्र लगाए जाएंगे ताकि जमीनी स्तर के संस्थानों को शामिल करके वन क्षेत्रों के संरक्षण और विकास के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।
मंत्रिमंडल ने वन विभाग में वन रक्षकों के 100 रिक्त पदों को अनुबंध आधार पर भरने को भी मंजूरी प्रदान की। बैठक में जल शक्ति विभाग के जल रक्षकों, बहु उद्देशीय कार्यकर्ताओं, पैरा फिटर और पैरा पम्प ऑपरेटर के मानदेय को 500 रुपये मासिक बढ़ाकर क्रमशः 5000 रुपये, 4400 रुपये, 6000 रुपये और 6000 रुपये करने का निर्णय लिया गया।
मंत्रिमंडल ने ऊना जिला में श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत 76.50 करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मोड में बाबा माई दास भवन पार्किंग चिन्तपूर्णी से मंदिर तक यात्री रोपवे प्रणाली स्थापित करने को सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल ने परिवहन विभाग में 15 ई-टैक्सियां किराए पर लेने को मंजूरी पदान की। बैठक में राज्य के सभी जिलों में आपात स्थिति के दौरान वैकल्पिक संचार के लिए एमेच्योर और सामुदायिक रेडियो को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। इससे सूचना स्त्रोतों, आपातकालीन प्रबन्धकों और आपदा या आपातकालीन स्थितियों से प्रभावित लोगों के बीच प्रभावी सूचना आदान-प्रदान सुनिश्चित होगा।

## हरियाणा मीडियाकर्मियों को मिलेगी अब 15 हजार पेंशन




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री** मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मीडिया कर्मियों के हित में एक और अहम निर्णय लिया गया। इस संबंध में हरियाणा के 60 वर्ष से अधिक आयु के मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों के लिए पेंशन योजना में संशोधन से संबंधित एक प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस निर्णय के बाद राज्य सरकार द्वारा पहले से चलायी जा रही पत्रकार पेंशन योजना के तहत मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मियों की पेंशन 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह दी जाएगी। हरियाणा राज्य में वेतन/पारिश्रमिक के आधार पर पत्रकारिता के क्षेत्र में कम से कम 20 वर्षों का अनुभव रखने वाले 60 वर्ष से अधिक आयु के मीडियाकर्मी इस योजना के तहत मासिक पेंशन के हकदार हैं। मीडियाकर्मी को कम से कम पांच वर्षों के लिए सूचना, जनसंपर्क भाषा एवं सांस्कृतिक विभाग, हरियाणा से मान्यता प्राप्त होना चाहिए। किसी अन्य राज्य सरकार या समाचार संगठन से किसी भी प्रकार की पेंशन या मानदेय प्राप्त करने वाला मीडियाकर्मी भी पात्र होगा। हालाँकि, यदि कोई पात्र मीडियाकर्मी हरियाणा राज्य/केंद्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से 15,000/- रुपये प्रति माह से कम राशि की पेंशन प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना के तहत पेंशन की पात्रता उक्त संस्थानों से मिलने वाली पेंशन से कम हो जाएगी। योजना के तहत पेंशन प्राप्तकर्ता वृद्धावस्था सम्मान भत्ता प्राप्त करने के लिए अयोग्य होगा। पेंशन चाहने वाला आवेदक अगर हरियाणा का निवासी है तो उसको आधार कार्ड और परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रतियां जमा करनी होंगी और अगर पात्र आवेदक हरियाणा का निवासी नहीं है तो उसको परिवार पहचान पत्र (अस्थायी) के साथ आधार कार्ड की प्रति जमा करनी होगी।



# राजधानी दिल्ली





# आप को खत्म करने की साजिशः केजरीवाल

## ईडी की कार्रवाई के बाद केजरीवाल से मिले एमएलए अमानतुल्लाह, बीजेपी रच रही है साजिशः सीएम केजरीवाल

**हमला बोला**

**8 हमारे विधायक पर झूठे आरोप हैं, झूठी एफआईआर हुई है, झूठे मामलों में फंसाकर नेताओं को गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**विधायक अमानतुल्लाह** खान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। ईडी की छापेमारी के बाद आप विधायक अमानतुल्लाह खान मुख्यमंत्री से मिले। ईडी ने अमानतुल्लाह खान के परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमारे विधायक पर झूठे आरोप हैं, झूठी एफआईआर हुई है। झूठे मामलों में फंसाकर हमारे नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। सिसोदिया के खिलाफ ईडी के पास कोई सबूत नहीं है। ये आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश कर रहे हैं। हमारे नताओं को खिलाफ फर्जी जांच चल रही है। भ्रष्ट नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। गौरतलब है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आप विधायक अमानतुल्लाह के खिलाफ दिल्ली वक्फ बोर्ड के कामकाज में वित्तीय हेराफेरी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामले केस दर्ज कराया था। इसी मामले में ईडी ने अमानतुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई की। अमानतुल्ला खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए उन्होंने 32 लोगों को नियमों का उल्लंघन करते हुए भर्ती किया था। आरोप था कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में आप विधायक ने भ्रष्टाचार और पक्षपात किया था। इसके अलावा, अवैध रूप से दिल्ली वक्फ बोर्ड की कई संपत्तियों को किराये पर दिया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने बोर्ड के धन का भी दुरुपयोग किया है, इसमें दिल्ली सरकार से मदद अनुदान शामिल है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आज बुधवार को बड़ा दावा किया है। उन्होंने पीएम मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की पूरी कोशिश है कि आम आदमी पार्टी को कुचल दिया जाए। 2015 में जैसे ही हमारी सरकार बनी तो शुंगलू कमेटी बनाई 400 फाइल जांच की गई लेकिन कोई गड़बड़ी नहीं मिली अब तक जितने भी जजमेंट आए हैं उसमें हमारे खिलाफ कुछ नहीं है।





## आप के नेता पर गिरफ्तारी की तलवारः अमानतुल्लाह के खिलाफ मिला सबूत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी के एक और विधायक जेल जा सकते हैं। मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के बाद अब ईडी विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ जांच कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में अवैध भर्ती से पैसा कमाया है। इस भर्ती घोटाले में जमकर पैसा बनाया है। इतना ही नहीं इस पैसे का निवेश किया। यह अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने का आरोप है। बीते दिन ईडी ने विधायक और उनसे जुड़े व्यक्तियों के 13 स्थानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने दावा किया था कि यह तलाशी दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती और 2018-2022 के दौरान अमानतुल्लाह खान द्वारा बोर्ड की अध्यक्षता के दौरान वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर अवैध व्यक्तिगत लाभ से संबंधित मामले में की गई। आगे कहा कि सीबीआई की एक एफआईआर और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतें आम आदमी पार्टी विधायक के खिलाफ कार्रवाई का आधार बनीं। ईडी ने कहा कि अमानतुल्लाह खान ने उक्त आपराधिक गतिविधियों से नकद में बड़ी रकम अर्जित की और इस नकद राशि को अपने सहयोगियों के नाम पर दिल्ली में विभिन्न जगहों पर अचल संपत्तियों को खरीदा है।

# कांग्रेस दिल्ली में भाजपा के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेगी : लवली




फाईल फोटो

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि कांग्रेस राज्य के सातों सांसदों के खिलाफ जवाब दो-हिसाब दो अभियान चलाएगी। इस अभियान की शुरूआत 15 अक्टूबर से की जाएगी। लवली ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जवाब दो-हिसाब दो अभियान के अंतर्गत दिल्ली के सभी सातों संसदीय क्षेत्रों में भाजपा के सांसदों व चुने हुए प्रतिनिधियों से जवाब मांगा जाएगा और उनके काम का हिसाब मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के प्रथम चरण में सातों संसदीय क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी ह्यह्यप्रतिज्ञा रैली आयोजित करेगी, जिसकी शुरूआत उत्तर पश्चिमी संसदीय क्षेत्र के बवाना से 15 अक्टूबर से की जाएगी। रैली को दिल्ली के प्रभारी दीपक बावरिया भी संबोधित करेंगे। लवली ने भाजपा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार सभी मोर्चों पर विफल हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में दोनों सरकारों की लड़ाई के चलते यहां का विकास रुका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सातों सांसदों ने राज्य की जनता के लिए न तो कोई काम किया, न ही उनसे सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता की बात करने वाली भाजपा के सातों सांसदों ने यहां तक अपने सांसद निधि का ब्योरा तक भी क्षेत्र की जनता को नहीं दिया है।

# केजरीवाल सरकार ने जोर-शोर से शुरू की छठ महापर्व की तैयारियां

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**छठ महापर्व को** लेकर केजरीवाल सरकार ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इस साल भी छठ की तैयारियों में कोई कमी न छूटे इसको लेकर राजस्व मंत्री आतिशी ने सभी ज़िलाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अंतिम समय की अफरातफरी से बचने के लिए अभी से ही छठ महापर्व को लेकर सभी जरूरी तैयारियाँ शुरू कर दी जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि छठ महापर्व लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का त्यौहार है। ऐसे में ये त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मन सके और श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के छठी मईया की उपासना कर सके इसको लेकर केजरीवाल सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि इसकी तैयारियों में कोई कमी न छूटे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, सभी ज़िलाधिकारी अपने ज़िलों में लोगों की सुविधा के अनुसार छठ घाट के लिए स्थान चिन्हित करें और वहाँ घाट बनाना शुरू करवा दे। साथ ही अधिकारी स्थानीय छठ पूजा समितियों के साथ बैठकें करना शुरू कर पूजा के सफल आयोजन के लिए उनके सुझाव ले और उसके अनुसार तैयारियाँ करें। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, इस साल भी केजरीवाल सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी दिल्ली में 1,000 से अधिक छठ तैयार करवायेगी। जहां साफ पानी, टेंट, बिजली, शौचालय, सुरक्षा, मेडिकल सुविधा, पॉवर बैकअप, सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्था मुहैया की जाएगी।



**तैयारी जोरों पर**

**8 राजस्व मंत्री ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर ज़िलाधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक**

# बदमाशों ने लूट के बाद कार चालक की सड़क पर घसीटकर की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की राजधानी** दिल्ली में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। महिपालपुर इलाके में बदमाशों ने लूट के बाद कार चालक को सड़क पर कई किलोमीटर तक घसीटा। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में शख्स कार के नीचे पहिए के फंसा नजर आ रहा है। कार के पीछे चल रहे किसी शख्स ने इसका वीडियो बना लिया। जो अब वायरल हो रहा है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात करीब 11:20 बजे पीएस वीके नॉर्थ में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई कि एनएच 8 की सर्विस रोड के पास चोटों के साथ एक अज्ञात पुरुष का शव मिला है।



नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एन.जी.ए.आई.) द्वारा आयोजित दो दिवसीय 11वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप बुधवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में बड़े उत्साह और धूमधाम से शुरू हुई। इस चैंपियनशिप में 14 विभिन्न राज्यों के 900 से अधिक कुशल गतका खिलाड़ी (लड़के और लड़कियां) भाग ले रहे हैं जो विभिन्न आयु समूहों में स्थान और पदक जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# निजीकरण के विरोध में बीएमएस ने दिल्ली सचिवालय का किया घेराव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निजीकरण** के विरोध में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय का घेराव किया। इसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों, वर्कर्स और मजदूरों ने भाग लिया। बीएमएस दिल्ली प्रदेश के महासचिव डा. दीपेन्द्र चाहर ने एक बयान में बताया कि इस आंदोलन में दिल्ली सरकार के अधीन संस्थानों जैसे- डीटीसी, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली विद्युत प्रदाय, एमसीडी, हॉस्पिटल, डिसपेंसरी, स्कूल, कॉलेज एवं दिल्ली आंगनबाड़ी एवं आशाकर्मी के साथ टैक्सी ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा ऑपरेटर्स शामिल हुए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार सुनियोजित ढंग से डीटीसी एवं अन्य सरकारी संगठनों का निजीकरण कर रही है। विशेषकर डीटीसी को पूर्ण रूप से निजी कंपनियों के अधीन कर दिया है और सरकारी भर्ती की जगह करीब 14 हजार ड्राइवर एवं कंडक्टर या तो निजी एजेंसी के द्वारा संविदा के आधार भर्ती किए हैं या फिर डेली वेज पर रखे हैं। डा. चाहर ने कहा कि कुल मिलाकर सारी डीटीसी की आमदनी प्राइवेट कंपनियों को जा रही है। डीटीसी के 21 हजार पेंशनर्स को समय से भुगतान करने के लिए फंड नहीं है, यही स्थिति दिल्ली जल बोर्ड और सेवा संस्थानों की हो गई है। उनको प्राइवेट एजेंसी चला रही हैं और जनता का पैसा प्राइवेट लोगों की जेब में जा रहा है। डॉ. चाहर ने मांग की कि सरकारी संस्थानों का निजीकरण रोका जाए और सभी अस्थाई कर्मचारी, ठेका कर्मचारियों को तुरंत स्थायी किया जाए।

# न्यूज क्लिक मामले में दिल्ली पुलिस के बाद अब सीबीआी की हुई एंट्री, दर्ज किया मामला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**न्यूजक्लिक** मामले में दिल्ली पुलिस के बाद अब केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की एंट्री हो गई है। न्यूजक्लिक मामले में सीबीआई ने मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने न्यूज क्लिक के खिलाफ एफसीआरए के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली सहित कई अन्य लोकेशन में न्यूजक्लिक के दो ठिकानों पर सीबीआई के तफ्तीशकर्ताओं द्वारा कई लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि बीते दिनों दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज क्लिक के खिलाफ कई संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

**क्या है न्यूज क्लिक से जुड़ा मामलाः** जानकारी के लिए बता दें कि न्यूज क्लिक एक डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म है। जिसके ऊपर विदेशी फंडिंग का मामला दर्ज हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने चीन का साथ देकर भारत में माहौल खराब करने का आरोप लगाया था। स्पेशल सेल से पहले ईडी भी छापेमारी की कार्रवाई कर चुकी है। ईडी ने जानकारी दी थी कि न्यूज क्लिक को विदेशों से लगभग 38 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई थी। जिसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि साल 2005 से 2014 के बीच कांग्रेस को भी चीन से बहुत सारा पैसा मिला। इतना ही नहीं द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में भी बताया गया था कि न्यूज क्लिक को विदेशी फंडिंग से 38 करोड़ मिले थे। यह पैसा कुछ जर्नलिस्ट में शेयर हुआ था।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने किया था नोटिस जारी**
इससे पहले बीती 22 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दायर की गई एक याचिका पर न्यूज क्लिक के सीईओ प्रबीर पुरकायस्थ को नोटिस जारी किया था। जिसमें अपने अंतरिम आदेश को हटाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जिसमें जांच एजेंसी को कोई भी जबरदस्ती न करने के लिए कहा गया था।

**इन धाराओं में हुआ था मामला दर्जः** इस मीडिया पोर्टल के खिलाफ कार्रवाई होईकोर्ट ने 7 जुलाई 2021 को एक आदेश पारित कर कहा था कि प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। हालांकि, यह भी कहा कि जांच अधिकारी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जांच में सहयोग करना होगा। जस्टिस सौरभ बेनराजी की बेंच ने मामले में पुरकायस्थ से जवाब मांगा था। ईओडब्ल्यू की एफआईआर के मुताबिक, आईपीसी की धारा 406, 420 और 120-बी के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।



**जांच जारी**

**8 न्यूज क्लिक को विदेशी फंडिंग से 38 करोड़ मिले थे। यह पैसा कुछ जर्नलिस्ट में शेयर हुआ था**

# सात करोड़ के मादक पदार्थ के साथ दंपति गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थ का धंधा करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का खुलासा किया है। पूर्वी जिले के स्पेशल स्टॉफ ने इस मामले में एक दंपति को गिरफ्तार कर इनके पास से सात करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। इनके नाम जहीर अहमद उर्फ आदिल (48) और गुलनार (39) हैं। पुलिस ने इनके पास से 690 ग्राम कोकीन, एक किलो कोकीन के लेप वाला कपड़ा, कोकीन को दोबारा तैयार करने का सामान और एक किलो केमिकल बरामद किया है। ये सऊदी अरब के रास्ते अफगानिस्तान से कुरियर के माध्यम से मादक पदार्थ मंगाते थे। मादक पदार्थ को बेहद शातिर तरीके से सूती कपड़ा काटकर उस पर लेप कर दिया जाता था। सूखने पर उसको कुरियर के जरिये भारत मंगाया जाता था। बाद में इस कपड़े को एक निर्धारित प्रक्रिया से गुजारने के बाद उसमें से कोकीन व हेरोइन दोबारा से निकाल ली जाती थी। अफगानी महिला उपासना के आदेश पर जहीर व गुलनार उसे दूसरे लोगों के जरिये पंजाब भेज देते थे। डीसीपी अमरुथा गुगुलोथ ने बताया कि जिले के स्पेशल स्टाफ को सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ का धंधा करने वाले लोग एलबीएस अस्पताल के पास आने वाले हैं। सूचना के बाद टीम ने जहीर अहमद को दबोच लिया। उसके पास से 150 ग्राम कोकीन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह पत्नी के साथ मिलकर कोकीन व हेरोइन का धंधा करता है।



# रेप केस में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन को समन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन के खिलाफ कथित रेप मामले में समन जारी किया है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने शाहनवाज हुसैन को 20 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की कैंसिलेशन रिपोर्ट खारिज कर दी और भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 328 और 506 के तहत आरोपों पर संज्ञान लेते हुए समन जारी करने का आदेश दिया। दरअसल, इस मामले की शिकायतकर्ता ने दिल्ली पुलिस के कैंसिलेशन रिपोर्ट का विरोध करते हुए अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने शिकायतकर्ता की विरोध अर्जी को स्वीकार कर लिया। शाहनवाज पर आरोप है कि वे अप्रैल 2018 में शिकायकर्ता को एक फार्म हाउस में ले गए। फार्म हाउस में महिला को नशीली चीज देकर उसके साथ रेप करने का आरोप है। महिला के मुताबिक शाहनवाज ने घटना का वीडियो बनाया और धमकी दी कि अगर वो किसी को बताएगी, तो उसका अंजाम बुरा होगा। महिला ने कहा कि इस मामले में दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज की गई थी राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि ऐसी कोई वजह नहीं है कि शिकायतकर्ता के आरोपों को खारिज कर दिया जाए। महिला के बयान सही हैं या गलत ये कोर्ट में ट्रायल के बाद ही पता चल पाएगा। इसलिए पुलिस की ये दलील सही नहीं है कि शिकायतकर्ता के बयानों में विरोधाभास है। बयान में हल्के विरोधाभास को आधार बनाकर संपूर्ण शिकायत को खारिज नहीं किया जा सकता है।

**एक्यूआई** वाहनों, कारखानों, डीजल जेनरेटरों, बिजली संयंत्रों और घरों से उत्पन्न होने वाला उत्सर्जन, सड़क की धूल, भवन निमाण आदि से होने वाला प्रदूषण आदि

# जल रही पराली, तड़प रही हवाः नियमों की अनदेखी के लिए कौन है जिम्मेदार?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अब कभी एक्यूआइ 100 से नीचे आएगा राष्ट्रीय राजधानी निवासी इसे भूल चुके हैं.... क्या कभी साफ हवा... अच्छी हवा वाला एक्यूआइ मिलेगा? ये बात उनके लिए दिव्य स्वप्न की तरह हो गई है। सर्दियों के तीन माह में तो मानों 'खराब' और 'बहुत खराब' एक्यूआइ में रहना उनके जीवन का हिस्सा बन चुका है। इस अवस्था में एक्यूआइ चढ़ने का एक बड़ा कारण पराली का धुआं भी है। अनदेखी की आग में पराली जलाने के नियम झुलसते जाते हैं और धुआं तेजी से दिल्ली की ओर बढ़ता है। अक्टूबर से ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेप के प्रतिबंध लागू हो जाते हैं। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के खेतों में धान की पराली जलाने से रोकने को लेकर कुछ वर्षों से लगातार बात होने के बावजूद इसे रोक पाना तो दूर, जलाने के मामलों भी नहीं घटे, बल्कि चार गुना और बढ़ गए। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर दिल्ली सरकार और केंद्र के प्रयासों के बावजूद इसे जलाने पर रोक क्यों नहीं लग पा रही? नियमों की अनदेखी के लिए कौन है जिम्मेदार? पराली जलाने पर रोक के साथ दिल्ली में प्रदूषण के स्थानीय कारकों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए क्या किए जाएं ठोस उपाय ? इसी की पड़ताल करना हमारा आज का मुद्दा है।

**जल रही पराली, तड़प रही हवाः** हवा की सेहत गिरने लगती है, जब पराली का धुआं पड़ोसी राज्यों से दिल्ली में प्रवेश करता है। बीते सप्ताह से शुरू हुआ क्रम अगले तीन माह चलेगा और प्रदूषण नियंत्रण को किए जा रहे प्रयासों को धता बताते हुए हर वर्ष की तरह एक्यूआइ का मीटर चढ़ता दिखाई देगा। इसके संकेत अभी से इसलिए भी मिलने लगे हैं क्योंकि इस वर्ष अभी से पूर्व वर्षों की अपेक्षाकृत अधिक पराली जलनी शुरू हो गई है। पंजाब और हरियाणा की घटनाएं खुद इसकी बानगी हैं। कमोबेश हर साल अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के आसपास दिल्ली को एक झटका लगता है और चेतावनियों का दौर शुरू हो जाता है।



**धुआं-धुआं**

**8 पराली जलाने पर रोक के साथ प्रदूषण के स्थानीय कारकों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए क्या हो ठोस उपाय**

# मकान की दूसरी मंजिल पर अचानक लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के महावीर एन्क्लेव से दूसरी मंजिल पर घर में आग लगने की सूचना मिली। टीम डीएफएस ने अद्भुत काम किया और 86 साल के एक बुजुर्ग नागरिक, 18 साल की एक लड़की और एक पालतू जानवर को आग से बचाया। जानकारी के मुताबिक, महावीर एंक्लेव इलाके में मंगलवार रात करीब 10:25 बजे एक मकान की दूसरी मंजिल पर अचानक आग लग गई, आग की की लपटे उठी तो वहां मौजूद 86 साल के बुजुर्ग और 18 साल की युवती और एक कुत्ता आग में फंस गए, सूचना मिलने के बाद दमकल की आठ गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया, करीब 11:55 बजे आग पर काबू पाया गया, इससे पहले दमकल कर्मियों ने बुजुर्ग, युवती और कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# टोल प्लाजा पर महिला के साथ हुई मारपीट के मामले में कमेटी ने अधिकारियों को किया तलब

## -टोल कपंनी पर दस लाख जुमार्ना हुआ है व कलैक्शन कंपनी को बदले जाने की जोरो पर चर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** भिगान टोल प्लाजा पर कार सवार दंपती के साथ मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में एसडीएम डा. निर्मल नागर ने टोल अधिकारियों बिमल सिंह व मुरथल थाना प्रभारी जसपाल को कार्यालय में तलब किया। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने टोल अधिकारियों से संबधित मामले को लेकर कागजात पूरे करने को लेकर कहा कि मामले में पूरे कागजात पेश किए जाए। इस बारे में टोल अधिकारियों ने कहा कि कागजात व सबुत उनकी तरफ से पूरे दे दिए है। एसडीएम ने मारपीट के कारणों के बारे में जानकारी ली। वहीं मुरथल थाना प्रभारी जसपाल से एसडीएम द्वारा पूछताछ की गई कि मारपीट के मामले में महिला ने पुलिस थाने में शिकायत दी थी और मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने क्या कार्रवाई की है। पुलिस की तरफ से भी मामले को लेकर पूरे कागजात सौंपे गए। इसके साथ ही उन्होंने वारदात के दौरान टोल की सीसीटीवी फुटेज, मारपीट में शामिल टोल कर्मियों के बारे में, कर्मचारियों की डिटेल, उनकी पुलिस वेरिफिकेशन, मेडिकल सर्टिफिकेट को लेकर पूछताछ की। एसडीएम ने कहा कि किसी भी सूरत में टोल से गुजरने वाले लोगों के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। मामले को लेकर एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि महिला मारपीट के मामले में जांच को लेकर रिकार्ड एकत्र कर लिया है।

**- तीन दिन में सौंपी जानी है रिपोर्ट**

उपायुक्त के आदेश में टोल मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें एसडीएम डा. निर्मल नागर व एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा को शामिल किया गया है। टीम को उपायुक्त ने तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। जिसके चलते टोल अधिकारियों व मुरथल थाना प्रभारी को एसडीएम कार्यालय में तलब होना पड़ा। टोल कपंनी पर दस लाख जुमार्ना हुआ है व कलैक्शन कंपनी को बदले जाने की जोरो पर चर्चा

**- भिगान टोल प्लाजा पर कार** सवार दंपती के साथ मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में जहां एनएचएआई ने टोल कंपनी पर दस लाख रुपएं का जुर्माना लगाया है। वहीं चर्चा भी जोरो पर है कि महिला के साथ मारपीट करने वाले कर्मचारियों की कंपनी को भी बदला जा सकता है।

**सख्ती**

**8 संबधित मामले को लेकर कागजात पूरे करने को लेकर कहा कि मामले में पूरे कागजात पेश किए जाए**

# सांसद हुड्डा ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी सुमित को किया सम्मानित

**गर्व**

**8 देश को पदक दिलाने वाली हॉकी के बेहतरीन मिडफील्डर सुमित पर देशवासियों को गर्व है।**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज गन्नौर हलके के गाँव कुराड़ (इब्राहिमपुर) में 19वें एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के शानदार खिलाड़ी सुमित के सम्मान समारोह में पहुंचे और सुमित को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश को पदक दिलाने वाली हॉकी के बेहतरीन मिडफील्डर सुमित पर देशवासियों को गर्व है। इस दौरान दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के गाँव-गाँव में खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं और इसी को पहचानकर चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा बनायी गयी खेल नीति से आज हमारे खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जीत का परचम लहरा रहे हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने वाली इसी नीति का परिणाम है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदकों की बरसात हो रही है। इसका श्रेय हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, लगन के साथ ही चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार की खेल नीति को भी जाता है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि मौजूदा सरकार ने ह्यपदक लाओ, पद पाओह्व नीति को तोड़-मरोड़ कर बंद कर दिया और पदक विजेता खिलाड़ियों को उनके हक से वंचित कर दिया। इस सरकार ने ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ियों को भी नियुक्ति नहीं दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी चुनाव के बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर खिलाड़ियों के मान-सम्मान और भविष्य की सुरक्षा प्रदान करने वाली ह्यपदक लाओ, पद पाओह्व नीति फिर से लागू की जाएगी। पदक विजेता खिलाड़ियों को उच्च पदों पर नियुक्ति और खेल कोटे में सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। स्कूल स्तर पर ही खिलाड़ियों को डाइट, भत्ते व कोचिंग उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर विधायक जगबीर मलिक, विधायक सुरेंद्र पवार, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, राई से कांग्रेस नेता बिजेंद्र आंतिल, संजय खेवड़ा, गन्नौर से कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी, संतोष गुलिया, कुराड़ गांव के सरपंच मंजीत आंतिल, कुलदीप मास्टर कुराड़ के अलावा गांव कुराड़ के सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पराली प्रबंध चुनौती जरूर है लेकिन जटील नहीं: उपायुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** धीरे- धीरे धान की कटाई व धान की फसल का मंडी में पहुंचाने का कार्य जोर पकड़ रहा है। प्रशासन का सारा अमला, सारी ताकत पराली प्रबंधन पर लगी है। प्रशासनिक अधिकारी कृषि विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ तालमेल करके किसानों को पराली से होने वाले नुकसान से अवगत करवा रहे है। कर्मचारी रात्रि तक खेतों में किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की टीम भी गांव-गांव जाकर पराली प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने में लगी हैं। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पराली प्रबंध चुनौती जरूर है लेकिन जटील नहीं हैं वे इसमें कामयाब जरूर होंगे।

उपायुक्त ने बताया कि पराली जलाने से मृदा तापमान में इजाफा होता है, जिसका फसलों पर नकारात्मक असर पड़ता है। किसानों को खेत में पराली नहीं जलाने के नियमों को सख्ती से लागू कराने के लिए जिले में अनेक अधिकारियों की टीमें मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई हैं जो निरंतर अपना कार्य कर रही है।

सरकार ने पराली जलाने से किसानों को रोकने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। बार-बार पराली जलाने की हिमाकत करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान रखा गया है। अभी तक 5 किसानों पर जमार्ना लगाया गया है व 3 पर एफआईआर दर्ज की गई है।

**जागरूकता**

**8 जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की टीम भी गांव-गांव जाकर पराली प्रबंधन को लेकर किसानों को कर रही है जागरूक**

# बाइक सवार दो युवकों ने महिला का मंगलसूत्र व मोबाइल छीना

**सोनीपत**

**सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के देवी लाल चौक पर बाइक सवार दो युवकों ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र व मोबाइल फोन छीन लिया। महिला चौक के पास सड़क पार कर ही थी। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। समस्तीपुर बिहार हाल में कपड़ा मार्केट निवासी सीता देवी ने बताया कि वह गांधी चौक स्थित बैंक से अपने कमरे पर आ रही थीं। जब वह देवी लाल चौक के पास पहुंची तो इसी दौरान

# कानूनी अधिकार पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रजि सोनीपत एवं बेटी बचाओ जन चेतना अभियान समिति सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा सोनीपत में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2023 की थीम अब हमारा समय है -हमारे अधिकार, हमारा भविष्य विषय के अंतर्गत बालिका शिक्षा, बालिका लिंगानुपात, बालिकाओं की देखभाल चिकित्सा और सम्मान, बाल विवाह और उनके कानूनी अधिकार पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ नीरज यादव, डिप्टी सी एम ओ, सोनीपत व कार्यक्रम अध्यक्षता सारथी ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक व पूर्व रेडक्रॉस सचिव सुभाष वशिष्ठ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंजू गर्ग खंड शिक्षा अधिकारी, सोनीपत अशोक धनखड़ प्रोबसनरी ऑफिसर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय सोनीपत, कुसुम दहिया पैनल एडवोकेट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत मौजूद रहे। इस अवसर पर सारथी ट्रस्ट व बेटी बचाओ जन चेतना अभियान समिति के संस्थापक चेयरमैन सतपाल सिंह अहलावत ने बताया की समाज में लड़कियों को भी वही अधिकार मिलें जो लड़कों को दिये गए हैं। अक्सर देखने को मिलता है कि लड़कों की अपेक्षा लड़कियों को कम समझा जाता है और उनके साथ भेदभाव किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन लोगों को यही समझाया जाता है कि लड़कियों को भी समान रूप से शिक्षा, पोषण, उनके कानूनी अधिकार, चिकित्सा आदि का अधिकार है साथ ही लड़कियों को एक सुरक्षित वातावरण देना, उनके प्रति भेदभाव और हिंसा खत्म करना, बाल विवाह रोकथाम, भ्रूण हत्या रोकने आदि वजहों से हम अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का मूल उद्देश्य यही है कि विश्व में लड़कियों को बेहतर शिक्षा, पोषण और एक सुंदर जीवन प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ नीरज यादव ने कहा महिलाओं का स्वास्थ्य मानव सभ्यता और स्वास्थ्य प्रबंधन का एक अभिन्न अंग है क्योंकि महिलाएँ मानव समाज का लगभग आधा भाग हैं। कई स्वास्थ्य मामलों में महिलाएँ पुरुषों के अनुकूल मानक रखती हैं, जैसे कि स्वास्थ-वर्धक खान-पान या हानिकारक खान-पान के मानक महिलाओं और पुरुषों पर लगभग समान हैं।



**भेदभाव खत्म करें**

**8 लड़कों की अपेक्षा लड़कियों को कम समझा जाता है और उनके साथ भेदभाव किया जाता है**

# मोनू रावल ने किसानों की समस्याएं सुनी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन समालखा** अनाज मंडी में जिला महासचिव ओबीसी कांग्रेस कमेटी व जिला अध्यक्ष श्री राहुल गांधी विचार मंच, जिला अध्यक्ष स्व.श्री राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा मोनू रावल ने आज किसानों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मोनू रावल को किसानों ने बताया कि उन्हें मण्डी में कोई सुविधा नहीं मिल रही है ना ही समय पर धान की उठाई हो रही है। मोनू रावल ने कहा कि मौजूदा भाजपा व जजपा गठबंधन की सरकार में किसानों को सुविधाएं तो दूर की बात उनकी सुनवाई तक नहीं होती। यही नहीं समय मिलते ही सरकार किसानों पर लाठीचार्ज करा देती है। कांग्रेस सरकार में किसानों को पूरा मान-सम्मान दिया जाता था। कांग्रेस की विचारधारा है कि जिस देश व प्रदेश का अन्नदाता किसान खुश नहीं है तो उस में देश व प्रदेश तरक्की नहीं हो सकती। अब फिर से किसानों व जनता को कांग्रेस का शासन याद आ रहा है।

**समाधान**

**8 देश व प्रदेश का अन्नदाता किसान खुश नहीं है तो उस में देश व प्रदेश तरक्की नहीं हो सकती**

# लोगों ने ईमानदार राजनीति करने वाले आप का दामन थामा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** आदमी पार्टी प्रदेश जॉइंट सैकेट्री सुखवीर मलिक के नेतृव मे आज गाँव जाटल के अध्यक्ष कर्मबीर जाटल द्वारा परिवार जोड़ो अभियान के अंतर्गत जाटल और ब्राह्मण माजरा मैं बुलाई गई ।

सभा मे काफी संख्या मे आम आदमी पार्टी को जॉइन किया। इस सभा मे लोगो की समस्या को सुखवीर मलिक ने सुना।

जनता बोली काम नही तो वोट नही देंगे। इस बार समाजसेवी सुखवीर मलिक को विधयक बनाना है और समस्या का हल पाना है।

आम आदमी पार्टी मे से जॉइन करने वाले मे ब्राह्मण माजरा राजवीर सतवीर सिंह सोनू शर्मा वरिंदर गुप्ता श्यामलाल परीजिंदर लाल अंकित कुमार वीरेंद्र सिंह विक्की कुमार कर्म सिंह जागलान रोहतास शर्मा संतोष जयवीर सिंह करण सिंह प्रेम सिंह आशीष जागलान और गांव जाटल से आर्यन जागलान, माह्री सरपंच दिलबाग सिंह जागलान,ऋषि पाल रोहिल्ला, ओमवीर सिंह, सुभाष चंद्र ,वेद प्रकाश जागलान, काला सैनी सुमित अमित कुमार बलबीर सिंह मोतीराम श्रीराम सैनी ,ज्योतिराम ने आम आदमी पार्टी में ज्वाइन किया और संयोजक अरविंद केजरीवाल की मूलभूत सुविधाओं राजनीति में भरोसा जाताया। जुड़ने वाले लोगों ने बताया विधायक ने पिछले 9 साल में कोई काम नहीं किया इस बार विधायक बदलेंगे समाज सेवी सुखबीर मलिक को इस बार विधायक बना कर रहेंगे।

सभी नए साथियों का आम आदमी पार्टी मे स्वागत किया सुखवीर मलिक ने सभी टोपी और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

# विविधता से भरपूर एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन** आई, बी. कॉलेज में विभिन्न लेखकों और विषयों की विविधता से भरपूर एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अंकेश्वर प्रकाश, परीक्षा नियंत्रक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने शिरकत की। प्रदर्शनी के शुभारम्भ के बाद उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न लेखकों और विषयों पर जानकारी प्राप्त करने का एक अच्छा अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने किताबों को मानव का सबसे सच्चा दोस्त भी बताया 'इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि पुस्तकों का विश्वास और ज्ञान का प्रचार-प्रसार हमारे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों की पुस्तकों के प्रति रूचि में अभिवृद्धि करते हुए उनके ज्ञान को विस्तृत करना है। इसके प्रदर्शनी के संयोजक लाइब्रेरियन डॉ. प्रवीन कुमार रहे। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न प्रकाशकों जैसे ओरिएंट ब्लैकस्वान प्रा. लि., न्यू ऐज इंटरनेशनल प्रा. लि. पब्लिशर्स, नरोसा पब्लिशिंग हाउस प्रा. लि., टैक्समैन पुब्लिकेशन्स प्रा. लि., एस. चाँद & कंपनी लि., निर्मल बुक एजेंसी, खामा पब्लिशर्स, फ्रेंडस पब्लिकेशन्स इंडिया, शारदा प्रकाशन, एस. एस. डी. एन. पब्लिशर्स & डिस्ट्रीब्यूटर्स और गायत्री परिवार शाखा पानीपत तत्वाधान शांतिकुंज हरिद्वार ने भाग लिया। जिन्होंने विभिन्न विषयों पर लिखी गई किताबों के एक अद्वितीय संग्रह को प्रदर्शित किया । विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए यह एक शिक्षाप्रद अनुभव था । इस प्रदर्शनी में वेस्टर्न ओवरसीज स्टडी अब्रोड प्रा. लि. ने भी भाग लिया जिन्होंने विद्यार्थियों को स्टडी वीसा, कैरियर काउंसलिंग और आईलेट्स आदि की जानकारी दी। अंत में प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने इस पुस्तक प्रदर्शनी को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए इसके संयोजक लाइब्रेरियन डॉ. प्रवीन कुमार एवं उनकी टीम सदस्य परमजीत, प्रीति, शिल्पा और महिपाल को बधाई दी।

**अवसर**

**8 इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न लेखकों और विषयों पर जानकारी प्राप्त करने का एक अच्छा अवसर प्राप्त होगा**

# आधुनिक तकनीक के साथ भव्य रामलीला का शुभारंभ आज से



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा** नारनौल। श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा द्वारा सन- 1950 से लगातार संचालित हो रही रामलीला का आज वीरवार रात्रि से भव्य शुभारंभ किया जाएगा। श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट के 73वें मंचन को इस वर्ष रामलीला कमेटी द्वारा आधुनिक रूप देते हुए डिजीटल एवं भव्य रूप देकर मंचन का विस्तार किया गया है। जिसके तहत रामलीला मैदान का नवीनीकरण, रामलीला मंच को सौंदर्यीकरण एवं प्राचीन व अनुभवी कलाकारों के साथ आधुनिक डिजीटल तकनीक की सहायता के साथ रामलीला का दिव्य स्वरूप दर्शकों को लुभाने का काम करेगा। 12 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही भव्य रामलीला मंचन का शुभारंभ सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव करेंगे। प्रभु राम की 73वीं लीला मंचन की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी नारायण दास सिंघल करेंगे, अतिविशिष्ट अतिथि दुलीचंद चैरिटेबल ट्रस्ट चेन्नई के सुरेश कुमार संघी होगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंगलमुखी किन्नर समाज प्रधान विनोद सैनी, भगवान दास चौधरी, उमाशंकर सोनी, सारिका गर्ग, गोपाल मित्तल, डॉ राधेश्याम, रघुबीर सैनी, महेश गुप्ता पत्रकार, सुमित भारद्वाज, मिथलेश हरित, हितेश वर्मा एडवोकेट व पवन अग्रवाल रहेंगे। रामलीला ट्रस्ट के प्रधान संजय गर्ग ने बताया कि बडे ही हर्ष की बात है कि आधुनिक समय में भी आज की युवा पीढी में प्रभु राम की लीला के प्रति रूझान बढ रहा है, जो कि पिछले वर्ष रामलीला मंचन के दौरान हमें देखने को मिला। जिससे प्रेरित होकर रामलीला कमेटी ने रामलीला को नया स्वरूप देने का संकल्प लिया और भगवान राम के आशीर्वाद से ट्रस्ट ने इस वर्ष जो रामलीला मंचन को नया स्वरूप देने का बीडा उठाया था, वह क्षेत्र के धर्मपेमियों के सहयोग से पूरा भी कर लिया गया है। जिससे दर्शकों को बैठने में असुविधा नहीं होगी और रामलीला मैदान व मंच के नवीनीकरण के साथ इस वर्ष अत्याधुनिक तकनीक द्वारा रामलीला का भव्य मंचन दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**मंचन**

**8 आधुनिक समय में भी आज की युवा पीढी में प्रभु राम की लीला के प्रति रूझान बढ रहा है**

# एशिया खेलों में कबड्डी गेम्स में चीन से गोल्ड मेडल लेकर लौटे नितिन रावल का सम्मान हुआ समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन** बापौली गांव में चीन में आयोजित 19 वीं एशियाई खेलों में कबड्डी प्रतियोगिता में ईरान को हराकर गोल्ड मेडल जीत कर लौटे नितिन रावल का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें आप-पास के गांवों हजारों की संख्या में ग्रामीणों सहित गणमान्य लोगों ने बढ चढ कर भाग लिया और नितिन रावल का फूल मालाओं व नोटों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंच का संचालन मा.मुकेश बोस ने किया, जबकि मा.गुलाब पांचाल ने भी उनका सहयोग किया। हरयाणवी लोक गायक विकास पासोरिया ने हरियाणवी रागनीयों के माध्यम से बच्चों को अच्छे संस्कार देने सहित अनेक समाज में फैली बुराईयों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पूर्व मंत्री बचन सिहं आर्य,गुर्जर सभा जिला पानीपत प्रधान कर्णसिंह पसीना,भाजपा जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना,भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय छौक्कर,सांसद कृष्ण पंवार के बेटे अनिल पंवार,वाईस चेयरमैन सुरेश आर्य,सांसद संजय भाटिया के बेटे चांद भाटिया,विधायक प्रमोद विज की पत्नी नीरू विज,चेयरमैन सुरेंद्र खारी,यूपी के पूर्व मंत्री वीरेंद्र के बेटे मनीष चौहान,किसान यूनियन के पूर्व प्रधान चूहड़ सिंह रावल,पूर्व प्रत्याशी राम भतेरी रावल, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डा.राजबीर गर्ग आदि अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त कर नितिन रावल को सम्मानित कर बधाई दी।



## न्यूज फ्लैश

### सोनालीका ने छमाई अवधि में 78,793 ट्रैक्टर बेचे

**चंडीगढ़:** देश का नंबर ट्रैक्टर्स एक्सपोर्टर सोनालीका ट्रैक्टर्स ने किसानों को खुशहाली प्रदान करते हुये मौजूदा वित्तीय वर्ष की छमाई अवधि तक रिकार्ड 78,793 की कुल बिक्री दर्ज की है, जो उद्योग में कंपनी की सर्वाधिक घरेलू बिक्री की वृद्धि का परिणाम है। इस बेहतरीन प्रदर्शन के साथ,कंपनी ने सितंबर 2023 में 15 .8 फीसदी मार्केट शेयरिंग भी हासिल कर ली है। कंपनी ने व्यापक और हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज के निर्माण के साथ साथ अधिकारिक वेबसाईट पर ट्रैक्टरों की कीमतो को प्रदर्शित करने जैसे अद्वितीय कदम उठाकर पहले से ही ट्रैक्टर उद्योग में अपने लिये एक महत्वपूर्ण जगह बनाई है। देश में त्यौहारी सीजन शुरू होने के साथ सोनालीका ने किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ा दिया है। इंटरनैशनल ट्रैक्टर्स लिमिटिड के ज्वाईंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने अपने विचार साझा करते हुये कहा कि हमने मौजूदा वित्तीय वर्ष की छमाई अवधि में सर्वाधिक घरेलू बिक्री वृद्धि हासिल करके अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी के उत्पाद किसानों को संतुष्टि, उत्पादकता, समृद्धि बढ़ाने तथा उनके जीवन में लगातार वृद्धि सुनिश्चित करने के लिये अनुकूलित है।

### सुषमा ग्रुप ने सिरसा में इन्वेस्टमेंट रोड शो का आयोजन किया

**सिरसा।** सुषमा ग्रुप ने सिरसा में एबी होम्स कंसल्टेंट्स (एएचसी) के सहयोग से एक इन्वेस्टमेंट रोड शो का आयोजन किया। रोड शो के माध्यम से सिरसा में रियल एस्टेट में रुचि रखने वाले, इन्वेस्टर्स और होम बायर्स को एक साथ लेकर आए। इस समारोह में लोगों को बेहतर इन्वेस्टमेंट के अवसरों और स्पॉट बुकिंग की जानकारी देने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। इस रोड शो में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स की एक प्रभावशाली श्रृंखला प्रस्तुत की गई। रोड शो को लोगों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें कई लोगों ने इन उभरते टियर 2 बाजारों में विकास और समृद्धि की संभावना को पहचाना। सभी इनवेस्टमेंट समारोह में पहुंचे लोगों ने अपने प्रश्न रखे और प्रोजेक्ट्स की डिटेल में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर सुषमा ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रतीक मित्तल ने उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि " सिरसा में हमारे इनवेस्टमेंट रोड शो को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने से हम रोमांचित हैं। सुषमा ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रतीक मित्तल ने उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि "हम सिरसा में हमारे इनवेस्टमेंट रोड शो को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलने से रोमांचित हैं। कुणाल रियल्टी और एबी होम्स कंसल्टेंट्स के साथ हमारी साझेदारी और समर्पण को दशार्ती है। ग्राहकों को असाधारण अवसर प्रदान करते हैं। इस कार्यक्रम ने इन क्षेत्रों के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करने और अपने मूल्यवान ग्राहकों को विशेष लाभ प्रदान किया। हम आगामी समय में भी इस प्रकार के आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। लोगों की प्रतिक्रिया सकारात्मक मिली है। यह यात्रा जारी रहेगी और खरीदारों के सपने पूरे करते रहेंगे।

### वर्ल्ड साइट डे – आँखों को स्वस्थ बनाए रखने में संतुलित पोषण की भूमिका महत्वपूर्ण

**हिसार।** आज की दुनिया में जहां स्क्रीन और डिजिटल उपकरण हमेशा मौजूद हैं और वह हमारे जीवन का अविभाज्य अंग है, आंखों का अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखना कभी भी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा है। जैसा कि हम 12 अक्टूबर को वर्ल्ड साइट डे मनाते हैं, यह संतुलित पोषण और नेत्र स्वास्थ्य के बीच संबंध का पता लगाने का एक उपयुक्त अवसर है। डिजिटल युग ने हमारे जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के कारण आंखों में तनाव, सूखी आंखें और दृष्टि संबंधी अन्य समस्याएं भी बढ़ गई हैं। इसके अलावा, प्रदूषण, यूवी रेडिएशन और खराब आहार नेत्र स्वास्थ्य समस्याओं में अत्यधिक योगदान करते हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया है कि 80% दृष्टि हानि को रोका जा सकता है या इलाज किया जा सकता है। फिर भी, लोगों की अच्छी गुणवत्ता वाली, किफायती नेत्र देखभाल या नेत्र पोषण तक पहुंच नहीं है। वैश्विक हेल्थ एंड वेलनेस कंपनी हर्बालाइफ इंडिया ने आंखों के स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए और आंखों के पोषण तक आसान पहुंच को सक्षम करने के लिए,"ऑक्यूलर डिफेंस" उत्पाद लॉन्च किया। श्री अजय खन्ना, सीनियर वाइस प्रेजिडेंट एंड मैनेजिंग डायरेक्टर, हर्बालाइफ इंडिया ने लक्षित वेलनेस समाधान विकसित करने पर कंपनी के फोकस पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्लजबकि हमारे ब्रांड की स्थापना के समय वजन प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया था, हमारा उत्पाद पोर्टफोलियो हमारे उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न श्रेणियों को पार करता है। हर्बालाइफ इंडिया में, हम स्वास्थ्य और वेलनेस का समर्थन करने के लिए नए समाधान खोजने के लिए लगातार इनोवेट करते हैं। आंख मानव शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है और हर किसी को इसकी देखभाल की जरूरत होती है नेत्र रक्षा (ऑक्यूलर डिफेंस) एक वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किया गया फॉमूर्ला है जिसमें ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन का संयोजन होता है जो चिकित्सकीय रूप से मैक्यूलर स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए सिद्ध होता है और इसमें ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो सामान्य दृष्टि के रखरखाव का समर्थन करते हैं। 40 से अधिक वर्षों से, हमने अपने वितरकों और उनके ग्राहकों को उच्चतम गुणवत्ता वाली सेवा और उत्पाद प्रदान करने के लिए अपने उत्पादों को इनोवेट करना और अपने वितरण चैनल को बढ़ाना कभी बंद नहीं किया है।

# गांव की मुख्य सड़क को आरएमसी से पक्का करने का काम हुआ शुरू

## 92 लाख 38 हजार की लागत द्वारा सैनी चौपाल से लेकर ड्रेन नं 6 तक आरएमसी से बनेंगी सड़क

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बुधवार सुबह** वार्ड नं 13 कबीरपुर में मुख्य सड़क को आर एम सी से पक्का करने का निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा शुरू किया गया।
इस अवसर पर नगर निगम मेयर निखिल मदान मौके पर पहुंचे और उन्होंने सांसद रमेश कौशिक, निगम पार्षद संगीता सैनी, निगम अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर नारियल फोड़कर कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सांसद, मेयर और पार्षद का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम द्वारा कबीरपुर गाँव में कुछ समय पहले ही नई सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य पूरा किया गया था। उसके पश्चात सड़क को पक्का किया जाना था। लेकिन बीच में लगातार बरसात होने के चलते इस कार्य में विलंब हुआ था। आज सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया गया है और जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जायेगा। कबीरपुर गाँव से सेक्टर 12 -13 की तरफ आने जाने वाले राहगीरों को इससे काफी सुविधा होगी, साथ ही ग्रामवासियों का आवागमन भी सुगम होगा।
इसके अतिरिक्त नगर निगम के अधीन आने वाली शहर की अधिकांश सड़कों के नवनिर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है, बची हुई सड़कों का कार्य भी प्रगति पर है जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद संबंधित एजेंसी प्रतिनिधि को निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और तय समय सीमा में पूरा करने के आदेश दिए।
वहीं सांसद रमेश कौशिक ने बताया कि जल्द ही पी डब्ल्यू डी विभाग के अंतर्गत आने वाली शहर की सभी मुख्य सड़कों के नवनिर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा और इस माह के अंत तक उसे पूरा किया जायेगा।



## पेड़ लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी जरूरी: सांसद कौशिक

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**राजीव** गांधी एजुकेशन सिटी स्थित डॉ बी. आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। सांसद रमेश कौशिक बतौर मुख्यअतिथि कार्यक्रम में पहुंचे। इनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चैयरमेन ललित बत्रा रहे। सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि भौतिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पेड़ों की कटाई होती है, लेकिन जितने पेड़ हर साल काटे जाते हैं। एक पेड़ पर सैंकड़ों पक्षी प्रतिदिन बैठते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। पूर्व चैयरमेन ललित बत्रा ने पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। भाजपा युवा



नेता एवं निगम पार्षद पुनीत राई ने कहा कि जिस प्रकार हमारे शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोखकर हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। पेड़-पौधे पक्षियों के प्राकृतिक आवास होते हैं।

## 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ जोरों पर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
ओ पी निरंकारी जी जोनल इंचार्ज चंडीगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में निरंकारी मिशन का 76वां वार्षिक संत समागम, पिछले 75 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्यतापूर्वक दिनांक 28, 29 एवं 30 अक्तूबर, 2023 को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है। इस समागम का भरपूर आनंद विश्वभर से आये हुए सभी निरंकारी भक्त एवं श्रद्धालुओ द्वारा प्राप्त किया जायेगा। इस शुभ सूचना से संपूर्ण निरंकारी जगत में अत्यंत उत्साह का वातावरण है जहां हर प्रांत से आये हुए भक्त अपने हृदय में ह्यवसुदैव कुटुम्बकम्बह्ण का सुंदर भाव लिए हुए एक विस्तृत परिवार के रूप में सतगुरु के साकार दर्शन एवं उनकी दिव्य वाणी को श्रवण करेंगे। निसंदेह यह स्वयं में एक अलौकिक नजारा होगा जहां पर सभी जनमानष अपनी भाषा, जाति, धर्म एवं वर्ण को भुलाकर एकत्व के दिव्य संदेश को वास्तविक रूप में चरितार्थ करेंगे। समागम अर्थात संतों का संगम, इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं चेतनता के साथ भक्तों द्वारा की जा रही है। जिस ओर भी दृष्टि डालो उस ओर ही हजारों की संख्या में निःस्वार्थ भाव से सभी श्रद्धालु भक्त सूर्य की पहली किरण से लेकर सांय ढलने तक सतगुरु के साकार रूप में दीदार कर, झूमते, नाचते अपनी सेवाओं को आनंदपूर्वक निभा रहे है।



## फसल अवशेष आगजनी रोकने वाली पंचायत होगी सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया, गोहाना (भंवर सिंह)**
**फसल** अवशेष प्रबंधन योजना के प्रति किसानों को जागरूक किया जा रहा है। योजना के तहत किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान भी दिया जाता है। इसके अलावा जिस गांव में धान की पराली में आगजनी नहीं होगी। उस पंचायत को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके लिए भी सरपंचों को जागरूक किया जा रहा है। यह जानकारी गोहाना एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने दी। एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने कहा कि किसान फसल अवशेष में आग लगाकर उपजाऊ भूमि को बंजर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। भावी पीढ़ी के लिए उपजाऊ भूमि की बजाए बंजर भूमि छोडकर जाएंगे।

## कन्या कालेज में विभिन्न प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**ताऊ देवी** लाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में प्राचार्या डा. संगीता सपरा की अध्यक्षता में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजन सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डा. ज्योतिराज द्वारा किया गया। नए सत्र में महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली सभी कक्षाओं की छात्राओं ने भाग लिया ताकि उच्च बौद्धिक एवं शैक्षिक क्षमता वाले छात्रों को प्रोत्साहित होने का अवसर प्राप्त हो। भाषण प्रतियोगिता में काजल (बी.ए)ने प्रथम, कविता पाठ में हिमांशी (एम.ए)ने प्रथम, नेहा (एम.कॉम)ने दूसरा व चंचल (एम.एस.सी) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी चुटकुले प्रतियोगिता में मुस्कान (एम.ए) ने प्रथम, रीतू (एम.एस.सी) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता में शानू (एम.ए) ने प्रथम, निकिता (बी.ए) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गीत भजन गजल रागनी प्रतियोगिता में सलोनी (बी.ए) ने प्रथम, विधि (बी.ए) ने दूसरा, चंचल (एमएससी) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



## समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ी सुमित वाल्मीकि को स्कूटी देकर सम्मानित किया

### ओलंपिक में पदक आने पर बुलेट देकर किया था सम्मानित, कादियान ने कहा कि सुमित वाल्मीकि गन्नौर हलके का खरा सोना

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**टोक्यो ओलंपिक** में कांस्य पदक के बाद अब कुराड़ के हॉकी खिलाड़ी सुमित वाल्मीकि ने एशियन गेम्स में अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सोना जीता है। सुमित की जीत की खुशी में बुधवार को गांव में सम्मान समारोह आयोजित किया। अबकी बार देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने खिलाड़ी सुमित वाल्मीकि को स्कूटी देकर सम्मानित किया और हौसला बढ़ाया है। भरोसा दिलाया कि देश का नाम रोशन करते रहने पर उनके सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उनसे प्रेरित होकर युवा खेल में हाथ आजमाएंगे। देवा सोशल सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में 41 वर्ष के बाद हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता था, तब उनकी सोसायटी ने सुमित को बुलेट बाइक देकर सम्मानित किया था। अब एशियन गेम्स में भारतीय टीम का बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता है। ऐसे में गोल्डमेडलिस्ट सुमित को सम्मान स्वरूप उपहार में स्कूटी भेंट की है। कादियान ने कहा कि युवाओं को सुमित से सीख लेकर खेलों में आगे बढ़ना चाहिए। घर की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के बाद हौसला बरकरार रखा है। सुमित ने अपने गांव व जिले के साथ देश-प्रदेश का नाम रोशन किया है। वहीं, हॉकी खिलाड़ी सुमित वाल्मीकि ने कहा कि बीते इतने वर्षों में कोई हॉकी को पूछता तक नहीं था, लेकिन पदक जीतने के बाद लोग हॉकी को इतना प्यार दे रहे है। इससे जोश बढ़ा है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि युवा नशे से दूर हटकर खुद को खेलों से जोड़े, इसमें सुनहरा भविष्य है। इस अवसर पर मंजीत सरपंच, सुबे सिंह, मास्टर नरेश, रणबीर फौजी, अशोक, डा. सुरेश, मास्टर बलबीर, विक्रम अंतिल आदि मौजूद रहे।



## एमेजॉन इंडिया ने त्योहारों से पहले अपने डिलीवरी सर्विस पार्टनर प्रोग्राम में 12 नए एंटरप्रेन्योर को शामिल किया

**नई दिल्ली।** एमेजॉन इंडिया ने तेलंगाना, कर्नाटक, दिल्ली – एनसीआर, और महाराष्ट्र में 12 नए उभरते हुए उद्यमियों को अपने डिलीवरी सर्विस पार्टनर (डीएसपी) प्रोग्राम में शामिल करने की घोषणा की। इस अभियान से त्योहारों से पूर्व एमेजॉन इंडिया का अंतिम छोर तक का नेटवर्क मजबूत बनेगा। डीएसपी प्रोग्राम कम या शून्य लॉजिस्टिक्स अनुभव रखने वाले आकांक्षी उद्यमियों को समर्थ बनाता है, जो अपना खुद का डिलीवरी व्यवसाय शुरू करना और बढ़ाना चाहते हैं,तथा हजारों डिलीवरी एसोसिएट्स को काम के अवसर प्रदान करना चाहते हैं। इन नए व्यवसाय मालिकों को एमेजॉन के 20 सालों से ज्यादा समय के ऑपरेशनल एक्सिलेंस का फायदा मिलता है, उन्हें सर्वश्रेष्ठ टेक्नॉलॉजी उपलब्ध होती है, और अनेक एक्सक्लुसिव सेवाओं एवं एस्सेट्स का लाभ मिलता है, ताकि वो सुरक्षित रूप से एमेजॉन के पैकेज पहुँचा सकें। डीएसपी कार्यक्रम के अंतर्गत एमेजॉन इंडिया ने एमेजॉन ग्राहकों को पैकेज पहुँचाने के लिए लगभग 300 छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों रटइ के साथ गठबंधन करके उन्हें विकास के अवसर प्रदान किए हैं। पिछले दो सालों में एमेजॉन इंडिया से लगभग 100 नए डीएसपी जुड़ चुके हैं, जिससे भविष्य में उभरते हुए उद्यमियों के लिए और ज्यादा अवसरों का सृजन होगा। एमेजॉन इंडिया के नेटवर्क में इस समय 750 से ज्यादा शहरों में लगभग 2000 डिलीवरी स्टेशन हैं, जो या तो एमेजॉन इंडिया या फिर उसके साझेदारों के स्वामित्व में हैं। डॉ. करुणा शंकर पांडे, डायरेक्टर, एमेजॉन लॉजिस्टिक्स, इंडिया ने कहा, मुझे यह देखकर बहुत गर्व होता है कि हमारे डिलीवरी सर्विस पार्टनर (डीएसपी) प्रोग्राम द्वारा सैकड़ों छोटे व्यवसाय मालिक आगे बढ रहे हैं, और लाभ अर्जित कर रहे हैं। इस प्रोग्राम के विकास के साथ हमने पिछले सालों में अपने डीएसपी और उनके एसोसिएट्स का अनुभव बेहतर बनाने के लिए निरंतर इनोवेट किया है।

## सॉल्व फॉर टुमारो 2023 की शीर्ष तीन विजेता टीमों की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
सैमसंग इंडिया ने अपनी युवा शिक्षा और इन्नोवेशन प्रतियोगिता सॉल्व फॉर टुमारो 2023 की शीर्ष तीन विजेता टीमों की घोषणा की। विजेता टीमों में एनआईटी सूरत, जिसने स्वीप नामक के ऑटोमेटेड बीच-क्लीनिंग रोबोट विकसित किया, स्टेमली, जिसने महिलाओं को स्टेम का चुनाव करने में मदद के लिए एक बातचीत करने वाला एआई टूल विकसित किया, और थिंक, जिसने बाहर काम करने वालों के लिए 'कवच' नाम का एक पर्सनल कूलिंग डिवाइस बनाया है, शामिल हैं। तीनों टीमों ने अपने आइडिया को और बेहतर बनाने और उन्हें वास्तविकता में बदलने के लिए 1.5 करोड़ रुपए की कुल पुरस्कार राशि हासिल की। प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमारो का लक्ष्य देश के युवाओं को वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने और अपने इन्नोवेटिव आइडिया के साथ लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाना है।
विजेता टीमों को एक सर्टिफिकेट और एक ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया।

## खेवड़ा सीआरपीएफ कैंप में 5 अक्टूबर को पहुंचेगी यशस्विनी बाईक रैली : सिंह

### बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत सीआरपीएफ महिला जवानों द्वारा देश में निकाली जा रही है यशस्विनी बाईक रैली

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**केन्द्रीय रिजर्व** पुलिस बल(सीआरपीएफ) के ग्रुप केन्द्र खेवड़ा के उप-महानिरीक्षक कोमल सिंह ने बताया कि बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सीआरपीएफ की महिला जवानों द्वारा देश में यशस्विनी बाईक रैली निकाली जा रही है। उन्होंने बताया कि यह बाईक रैली 15 अक्टूबर की सायं खेवड़ा स्थित सीआरपीएफ कैंप में पहुंचेगी जहां पर ओलंपियन योगेश्वर दत्त द्वारा बाईक रैली का स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात यह रैली रात को खेवड़ा कैंप में ही रूकेगी। डीआईजी कोमल सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर को सायं यह बाईक रैली दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में पहुंचेगी, जहां पर विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा इसका स्वागत किया जाएगा। इस दौरान विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद विश्विद्यालय के कुलपति द्वारा इस रैली को रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को सांय बाईक रैली टीम खेवड़ा स्थित सीआरपीएफ कैंप के परेड ग्राउंड में एकत्रित होगी और रूकमनी देवी पब्लिक स्कूल सोनीपत के लिए रवाना होगी, जहां पर स्कूल की प्रिंसिपल द्वारा बाईक रैली का स्वागत किया जाएगा।

## 'हर क्षेत्र में देश व समाज का नाम रोशन कर रहीं हमारी बेटियां'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया । इस अवसर में विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस -2023 की थीम 'लड़कियों के अधिकारों में निवेशः हमारा नेतृत्व, हमारा कल्याण' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । छात्राओं ने अपने पोस्टर के माध्यम से बेटा -बेटी एक सामान, शिक्षा पाकर बने महान का संदेश भी दिया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दी ।
स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में देश व समाज का नाम रोशन कर रहीं हैं । चीन में आयोजित एशियाई खेलों में भी हमारी महिला खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दुनिया को बता दिया कि भारत की बेटियों का सामर्थ्य क्या है। भारत ने एशियाई खेलों में जितने मेडल जीते हैं उनमें से आधे से ज्यादा हमारी महिला खिलाड़ियों ने जीते हैं। सीईओ संजय जैन ने कहा कि एक बच्ची के जन्म से लेकर परिवार में उसकी स्थिति, शिक्षा और कैरियर में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए जागरूकता फैलाना ही अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का उद्देश्य है। स्कूल प्रबंधन का भी यही प्रयास रहता है कि यहां पढ़ने वाली छात्राओं को शिक्षित कर इस तरह से आगे बढ़ाया जाये जिससे कि वह अपने जीवन की हर चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सके । साथ ही छात्राएं आगे चलकर आत्मनिर्भर होकर देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने छात्राओं को उनके अधिकार व महिला सशक्तिकरण के प्रति भी जागरूक किया ।
प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में श्रव्या, सेजल, प्रिया, इशिका,रिया, संस्कृति, रेशु, भाविका जेया आदि ने आकर्षक व ज्ञानवर्धक पोस्टर बना कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । इस मौके पर अध्यापिका बीना, सुविधा, नीरजा, नेहा, करिश्मा, नमिता, सोनिया, मीनाक्षी, काजल, सीमा, मधु, श्वेता आदि मौजूद रहीं ।



## ओम शांति शिक्षा सदन में कंप्यूटर क्वीज प्रतियोगिता में नेहरू सदन ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**ओम शांति** शिक्षा सदन नाथूपुर में राकेश व सुजाता के तत्वाधान में अंतर्सदनीय कंप्यूटर क्वीज का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में स्कूल के चारों सदनों के सर्वश्रेष्ठ 6-6 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस क्वीज प्रतियोगिता में चार राउंड में प्रतिभागियों से प्रश्नोत्तरी की गई। क्वीन में कंप्यूटर से संबंधित नाना प्रकार के प्रश्न जैसे फुलफॉर्म, शॉर्ट-कट-की, फामुर्ले, कमांड, कोडिंग और चित्र दिखा अनेक प्रश्न पूछे गए। जिसमें छात्रों ने बड़े ही जोश, उमंग व हर्षोल्लास से जवाब देते हुए नेहरू सदन में प्रथम स्थान, शास्त्री सदन ने द्वितीय स्थान व गांधी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक योगराज भारद्वाज ने प्रतिभागियों का हौसल्ला बढ़ाया। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि ओम शांति स्कूल पूरे राई ब्लॉक में एकमात्र ऐसा स्कूल है जो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक प्रकार की क्रियाकलाप करवाता रहता है। उन्होंने विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि हमें स्कूल स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताओं में अवश्य भाग लेना चाहिए।



## संपादकीय

# साम्राज्यवाद,औपनिवेशिक वाद के मलीन मंसूबे

**राष्ट्रवाद** की मूल भावना से राष्ट्र में एकता अखंडता की संभावनाएं बलवती होती हैं। हम सब एक हैं इसकी इच्छा तथा भावना दोनों पनपती हैं और इन सद्भावनाओं के पीछे इतनी शक्ति ,ऊर्जा एवं ताकत होती है कि विदेशी आक्रांताओं की गुलामी से निजात पाई जा सकती है। राष्ट्रवाद से स्वतंत्रता तथा संप्रभुता प्राप्त की जा सकती है' किंतु इतिहास तथा अतीत में कुछ संदर्भित घटनाएं ऐसी हुई है जिससे इसके दुष्परिणाम एवं दुष्प्रभाव प्रकट हुए हैं।जिसका दुष्परिणाम एक देश ,एक महाद्वीप ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में प्रकट हुआ है' दूसरी तरफ राष्ट्रवाद के अतिरेक या अंधराष्ट्रवाद के परिणाम स्वरूप उपनिवेशवाद व साम्राज्यवाद ने जन्म लिया है ।इसी के परिणाम स्वरूप अफ्रीका महाद्वीप में बंटवारा हुआ वहां के निवासियों के साथ पशु तुल्य व्यवहार किया गया और हमारे देश यानी भारत जैसे आत्मनिर्भर, संपन्न, खुशहाल देश को गुलाम बनाया गया और गरीबी, भूखमरी, अकाल ,कुपोषण जैसी विसंगतियों के साथ निवासियों को जीने के लिए मजबूर कर दिया गया' राष्ट्रवाद की भावना ने संपूर्ण गुलाम देशों में एक चिंगारी भर दी थी जिससे जन-जन एक योद्धा बन गया था ,और भारत अफ्रीका दक्षिण पूर्वी देश इस जिजीविषा के दम पर स्वतंत्र हो गए थे। यही राष्ट्रवाद की भावना है जिससे वहां के नागरिक कठिन से कठिन परिस्थिति में भी देश की सुरक्षा करने को अपने आप को प्रेरित करते हैं और देशभक्ति की भावना के कारण ही किसी भी देश का विकास होता है' राष्ट्रवाद मानवता से ऊपर नहीं है' राष्ट्रवाद एक विशेषता है, किंतु अंध राष्ट्रवाद घातक भी हो सकता है' मानवता और राष्ट्रवाद की तुलना करना बेमानी है यह सर्वमान्य तथ्य है कि मानवता सर्वोपरि है। उसके पश्चात ही किसी देश या व्यक्ति का राष्ट्रवाद आता है' यह अत्यंत ही रोचक बात है कि राष्ट्रवाद ने हीं साम्राज्यवाद उपनिवेशवाद को जन्म दिया है, और राष्ट्रवाद ने ही इसका सर्वनाश भी किया' यह राष्ट्रवाद का अतिरेक ही था कि नेपोलियन द्वारा फ्रांस की इस भावना के अंतर्गत यूरोपीय राजनीति को जटिल बना दिया था एवं बिस्मार्क को राष्ट्रवाद के अतिरेक ने प्रेरित कर संपूर्ण यूरोप को शतरंज की गोटियां की तरह अस्त-व्यस्त कर दिया था' यह राष्ट्रवाद का विकृत रूप ही था जब हिटलर और मुसोलिनी जैसे कट्टरपंथियों ने नाजीवाद तथा फासीवाद की आड़ में संपूर्ण विश्व को विश्व युद्ध की भयानक विभीषिका में झोंक दिया एवं लाखों लोगों मृत्यु तथा अरबों रुपए के जानमाल की हानि का कारण बने थे' अंध राष्ट्रभक्ति के कारण युद्ध में लाखों लाख सैनिकों की मौत हुई, महिलाएं विधवा हो गई बच्चे अनाथ हो गए एवं मानवता तहस-नहस हो गई थी' उल्लेखनीय है कि सोवियत संघ तथा अमेरिका के आपस में परस्पर पारंपरिक दुश्मनी के कारण साम्यवाद तथा पूंजीवाद की विचारधारा की बुनियाद पर पूरा संसार दो गुटों में बट गया और शस्त्र अस्त्र की होड़ लग गई है,अधिकांश देशों का खर्च विकास की बजाए सैन्य ताकत बढ़ाने और अपनी सीमा की रक्षा में होने लगा। युद्ध की आकांक्षा के अतिरेक में मानवता भयभीत होकर सिसकने लगी। वर्तमान संदर्भ में रूस यूक्रेन युद्ध भी पुतिन की राष्ट्रवादी सोच एक विकृत रूप ले चुकी है और विस्तार वाद तथा साम्राज्यवाद के चलते पुतिन ने 24 अप्रैल 2022 यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। पूरा विश्व इस

# शादी-ब्याह: बढ़ता दिखावा-घटता अपनापन



-डॉ सत्यवान सौरभ

> जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन–किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, इंसान को धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है

भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन-किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मयार्दा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। आज अगर कुछ युवा समाज को राह दिखा रहे हैं तो इसकी सराहना करनी चाहिए। लेकिन चाहे कोई कितना विरोध करे, वह तब तक सार्थक नहीं हो सकता जब तक समाज के बहुसंख्यक लोगों की सहमति न हो। आज के इस दिखावे के युग में यह कब होगा, समय बताएगा। हम बात करेंगे शादी समारोहो में होने वाली भारी-भरकम व्यवस्थाओं और उसमें खर्च होने वाले अथाह धन राशि के दुरुपयोग की। सामाजिक भवन अब उपयोग में नहीं लाए जाते हैं, शादी समारोह हेतु यह सब बेकार हो चुके हैं कुछ समय पहले तक शहर के अंदर मैरिज हॉल में शादियां होने की परंपरा चली परंतु वह दौर भी अब समाप्ति की ओर है! अब शहर से दूर महंगे रिसोर्ट में शादियां होने लगी है। शादियों के आयोजन के लिए बड़े नामी-गिरामी सैवन स्टार होटल बुक करने की भी परिपाटी बनती जा रही है। इन होटलों में लाखों रुपए खर्च कर शादी का सैट खड़ा किया जाने लगा है। शादी के 2 दिन पूर्व से ही ये रिसोर्ट बुक करा लिया जाते हैं और शादी वाला परिवार वहां शिफ्ट हो जाता ह। आगंतुक और मेहमान सीधे वही आते हैं और वहीं से विदा हो जाते हैं। इतनी दूर होने वाले समारोह में जिनके पास अपने चार पहिया वाहन होते हैं वहीं पहुंच पाते हैं और सच मानिए समारोह के मेजबान की दिली इच्छा भी यही होती है कि सिर्फ कार वाले मेहमान ही रिसेप्शन हॉल में आये। और वह निमंत्रण भी उसी श्रेणी के अनुसार देता है दो तीन तरह की श्रेणियां आजकल रखी जाने लगी है। ऐसी शादियों को देखकर मध्यम व निम्न वर्ग भी शादियों में पैसे को पानी की तरह बहाने से जरा भी नहीं हिचकिचा रहे। यहां तक कि लोग शादी में अपना स्तर, रुतबा और झूठी शानो-शौकत का प्रदर्शन करने के लिए कर्ज लेकर भी महंगी शादियां आयोजित कर रहे हैं। एक मजेदार चीज और है। जो शादी ड्रीम वैडिंग कही जाती थी, उसे टूटने में दो पल नहीं लगते। कल तक जहां तलाक इक्का-दुक्का सुनाई देते थे, वे आज सैंकड़ों गुना बढ़ गए हैं। किसको सिर्फ लेडीज संगीत में बुलाना है !किसको सिर्फ रिसेप्शन में बुलाना है। किसको कॉकटेल पार्टी में बुलाना है। और किस वीआईपी परिवार को इन सभी कार्यक्रमों में बुलाना है। इस आमंत्रण में अपनापन की भावना खत्म हो चुकी है। सिर्फ मतलब के व्यक्तियों को या परिवारों को आमंत्रित किया जाता है। भौतिकता की पराकाष्ठा के समय में जिसमें प्रत्येक कार्य व रिश्तों को धन की बुनियाद पर खड़ा किया जाने लगा है और वो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये घातक कदम साबित हो रहा हैं सम्प्रति विवाहों में धन का प्रदर्शन किन–किन तरीकों से होने लगा है सब कल्पनातीत है, आज इंसान को अपने धन की बाहुलता को सिद्ध करने का अवसर विवाह ही नजर आता है और वो ऐसा मान बैठा की विवाह से अच्छा कोई अवसर नहीं है जहाँ धनखर्च किया जाए जबकि विवाह एक संस्कार है जिसमें मानवीय व सामाजिक मूल्यों की मयार्दा का पालन करते हुए सम्पन्न करना आपेक्षित होता है। इसलिए विवाह को सोलह संस्कारों में स्थान मिला है। इस संस्कार में रिश्तेदारों का मिलना जुलना शुभ माना जाता है मगर आजकल की शादियों में प्रत्येक परिवार अलग-अलग कमरे में ठहरते हैं जिसके कारण दूरदराज से आए बरसों बाद रिश्तेदारों से मिलने की उत्सुकता कहीं खत्म सी हो गई है। क्योंकि सब अमीर हो गए हैं पैसे वाले हो गए है। मेल मिलाप और आपसी स्नेह खत्म हो चुका है। रस्म अदायगी पर मोबाइलों से बुलाये जाने पर कमरों से बाहर निकलते हैं। सब अपने को एक दूसरे से रईस समझते है। और यही अमीरीयत का दंभ उनके व्यवहार से भी झलकता है। कहने को तो रिश्तेदार की शादी में आए हुए होते हैं परंतु अहंकार उनको यहां भी नहीं छोड़ता। वे अपना अधिकांश समय करीबियों से मिलने के बजाय अपने अपने कमरो में ही गुजार देते हैं। आज सब कुछ विपरीत हो रहा है ना तो परवाह है रीति रिवाजों की ना सामाजिक मूल्यों की बस यदि है तो मीनू के कितने प्रकार के व्यंजन है, पेय पदार्थ कितने हैं, बाहरी साज सज्जा कैसी है यदि इसमें कोई कमी रह जाती है तो सगे सम्बन्धी, मित्रगण अपनी प्रतिकूल टिप्पणी करने में देरी नहीं करते जबकि विवाह सामाजिक समरसता को उर्वर बनाने का माध्यम है। और इन सबकी आलोचना से बचने के लिए इंसान जिसके पास धन की कमी है वो किसी वित्तीय संस्था या साहुकार से कर्ज लेकर उनकी आलोचना से बचने का प्रयास करता है। इस झूठी संस्कृति ने निम्न वर्ग को उच्च वर्ग की नकल करने के लिए, अपना शोषण करवाने को मजबूर कर दिया अब



विवाहों में नैसर्गिक खुशियों का स्थान कृत्रिम साधनों के द्वारा अर्जित खुशियों ने ले लिया है। जिसमें मानसिक संतुष्टी के स्थान पर मानसिक अवसाद पनपने लगता है। हमारी संस्कृति को दूषित करने का बीड़ा ऐसे ही अति संपन्न वर्ग ने अपने कंधों पर उठाए रखा है। शादीसमारोह में रस्म से ज्यादा दिखावा हो रहा है। पूजा-पाठ, मंत्रोच्चारण और सात फेरे से ज्यादा लोग नृत्य-गीत में लोग मशगूल हो रहते हैं। इससे किसी को क्या दिक्कत हो रही है, इसे कोई नहीं सोचता। अब थीम शादी का प्रचलन बढ़ा है। इससे समाज में गलत और आडंबर शुरू हो रहा है। विवाह समारोह के मुख्य स्वागत द्वार पर नव दंपत्ति के विवाह पूर्व आलिंगन वाली तस्वीरें, हमारी विकृत हो चुकी संस्कृति पर सीधा तमाचा मारते हुए दिखती हैं। अंदर एंट्री गेट पर आदम कद स्क्रीन पर नव दंपति के विवाह पूर्व आउटडोर शूटिंग के दौरान फिल्माए गए फिल्मी तर्ज पर गीत संगीत और नृत्य चल रहे होते हैं। आशीर्वाद समारोह तो कहीं से भी नहीं लगते हैं पूरा परिवार प्रसन्न होता है अपने बच्चों के इन करतूतों पर। पास में लगा मंच जहां नव दंपत्ति लाइव गल - बहियाँ करते हुए मदमस्त दोस्तों और मित्रों के साथ अपने परिवार से मिले संस्कारों का प्रदर्शन करते हुए दिखते हैं। बन्धुओं मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है । हम एक दूसरे के जीवन के सेतू बने यही मानवीय धर्म है। यदि हमारे पास धन की प्रचुरता है तो अपना प्रारब्ध समझे और साथ में इसके अविवेकपूर्ण अपव्यय पर लगाम लगाएं, और इसे साधर्मी बन्धुओं के उत्थान के कार्यों में जो आज आर्थिक विपन्नता के शिकार हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़े उनका सहारा बनने का प्रयास करें। आपका पैसा है,आपने कमाया है,आपके घर खुशी का अवसर है खुशियां मनाएं,पर किसी दूसरे की देखा देखी नही। कर्ज लेकर अपने और परिवार के मान सम्मान को खत्म मत करिएगा। जितनी आप में क्षमता है उसी के अनुसार खर्चा करियेगा। 4 - 5 घंटे के रिसेप्शन में लोगों की जीवन भर की पूंजी लग जाती है। और आप कितना ही बेहतर करें लोग जब तक रिसेप्शन हॉल में है तब तक आप की तारीफ करेंगे। और लिफाफा दे कर आपके द्वारा की गई आव भगत की कीमत अदा करके निकल जाएंगे।

## कविता

### 'किसने इतनी बंदिशे लगा दी कि

किसने इतनी बंदिशे लगा दी कि-
कुछ परिंदे उड़ना ही भूल गए।

कुछ बंद कर दिए गए दायरे में,
जैसे पंख फड़फड़ा कर रह गए।

कितनों को मिल रही शय इतनी ,
आसमान को अपना ही मान गए।

कुछ हर शाख पर फिरते इतराते,
पेट खूबभर टूलम-टूल ही हो गए।

किन्हीं पर कृपा वनमाली की क्या?
चुरा- चुरा फल कहीं दूर उड़ गए।

क्या मुँह दिखाने लायक रहेगा वनमाली?
मालिक गर हिसाब मांगने पर अड़ गए।

डा. जय किशन

# भारतीय हल्दी की हिस्सेदारी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगी

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विकस्तर पर पूरी दुनियां को विश्वास हो चुका है कि** भारत के हर क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है।40-50 सालों से लटके कामों को सफलतापूर्वक नए जोश के साथ आगे बढ़कर मंजिल तक पहुंचा जा रहा है। खेल क्षेत्र में स्वतंत्रता के बाद पहली बार एशियन गेम्स में107 मैडल लेकर भारत गर्व से झूम उठा हैऐसे खिलाड़ियों को सम्मान देने के लिए आज दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को शाम पीएम ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें अति उत्साहित कर दिया। वहीं आज भारत ने हर क्षेत्र को विकसित करने के लिए उनकी जड़ों तक पहुंचकर समस्याओं का हल ढूंढने में भिड़ गया है, जिसके लिए उस उत्पाद या क्षेत्रों का राष्ट्रीय बोर्ड गठन कर उसका विकास किया गया है, जिसका उदाहरण चाय बोर्ड सहित आने अनेक बोर्डों का गठन किया गया है और अब दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंजूरी प्रदान कर अधिसूचित हुआ है। बता दें इसके लिए अनेक वर्षों से किसानों की मांग जारी थीऔर 15-20 सालों से आंदोलन कर रहे थे, जिसमें इस राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को लेकर प्रण लिया था कि जब तक बोर्ड का गठन नहीं होगा तब तक वह चप्पल नहीं पहनेंगें, अब क्योंकि इस बोर्ड के गठन का प्रस्ताव केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पारित कर अधिसूचित किया गया है जिसकी घोषणा माननीय पीएम ने तेलंगाना सभा के उपरांत की थी जिसे उन्होंने पूरा करके दिखाया। अब किसानों को चप्पल गिफ्ट कर उनका मान बढ़ाने और उनकी जीत का जश्न कुछ पार्टी कार्यकताओं ने मनाया था। बोर्ड के गठन से अब अनेक स्थानों, हल्दी उत्पादन के दूरदराज दुर्लभ स्थान या अनजान स्थान का संज्ञान लेकर वहीं हल्दी उत्पादन में तकनीक की सहायता कर उत्पादन बढ़ाया जाएगा। बोर्ड से मेरा एक सुझाव है कि हमारे नागपुर परिक्षेत्र के पास वाइगांव नामक गांव में हल्दी का उत्पादक किसानों द्वारा किया जाता है जो हमारे क्षेत्र में वाइगांव हल्दी के नाम से बिकती है। बोर्ड इसका संज्ञान लेकर इसका विकास करेगा तो नए ऊंचे आयामों की प्राप्ति किसानों को होगी। चूंकि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया गया है,इसलिए आज हम मीडिया में और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,

अंतरराष्ट्रीय स्तरपर हल्दी के नए बाजार विकसित करने में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित करने की करें तो, भारत सरकार ने आज राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड देश में हल्दी और हल्दी उत्पादों के विकास और वृद्धि पर फोकस करेगा। बोर्ड हल्दी से संबंधित मामलों में नेतृत्व प्रदान करेगा, प्रयासों को मजबूत बनाएगा तथा हल्दी क्षेत्र के विकास और वृद्धि में मसाला बोर्ड और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ अधिक समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा।

## विचार

# राजस्थान में महारानी दीया को क्या वसुंधरा का विकल्प बना सकती है भाजपा

**अशोक भाटिया**

**राजस्थान** में विधानसभा चुनाव की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में जहां सांसद दीया कुमारी को जयपुर के विद्याधर नगर से चुनावी मैदान में उतारा तो वहीं वसुंधरा राजे के कई समर्थकों के टिकट काट दिए गए। इसके बाद सियासी गलियारे में एक नई चर्चा ने जन्म ले लिया है। राजस्थान के लिए आयी भाजपा उम्मीदवारों की सूची मध्य प्रदेश जैसी ही है। वसुंधरा राजे को अभी बिलकुल नेगलेट नहीं किया गया है क्योंकि उनके विधानसभा क्षेत्र झालारपाटन से किसी को टिकट नहीं मिला है पर चिंता की बात यह हो सकती है कि दीया कुमारी को वसुंधरा राजे के ही एक समर्थक का टिकट काट कर उम्मीदवार बनाया गया है। महारानी दीया कुमारी को भाजपा में राजस्थान चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण भूमिका देने की अटकलें कई साल से लगाई जा रही थी । पर प्रधानमंत्री मोदी की सभा का संचालन करके वो लाइमलाइट में आ गईं हैं। राजस्थान में क्या चीजें ऐसी हैं जो उनके फेवर में जा सकती हैं सवाल यह भी है कि क्या एन चुनाव से पहले उन्हें वसुंधरा राजे का विकल्प बनाया जा सकता है इसके कई कारण गिनाये जाते है।

वैसे भी लग ही रहा था कि मुख्यमंत्री वसुधरा राजे सिंधिया के सितारे गर्दिश में है और महारानी का राजनीतिक खेल खत्म हो चुका है। पार्टी उनकी जगह नया नेतृत्व तैयार करने के मूड में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में जिस तरह प्रदेश की 2 महिला नेताओं को तवज्जो मिली क्या वो वसुंधरा के लिए इशारा था क्या वसुधरा का विकल्प बन सकेंगी कुमारी क्या है दीया कुमारी की राजस्थान में राजनीतिक ताकत यदि हम थोडा पुराना राजनीतिक इतिहास देखे तो इसका उत्तर मिल सकता हैं । जैसे दिसंबर 2018 में जब भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह दीया कुमारी और उनकी मां पद्मिनी देवी के जयपुर आवास पर पहुंचे थे तभी से यह अटकलें लगनी शुरू हो गईं थीं कि महारानी का भविष्य पार्टी में उज्जवल दिख रहा है।पर बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की सभा में जिस तरह महारानी दिया कुमारी को तवज्जो मिली उन अटकलों को और हवा मिल गईं। हालांकि ऐसी संभावनाएं मीडिया में राजनीतिक विश्लेषक पहले से ही लगा रहे थे। अब उस संभावनाओं पर मुहर लगने का इंतजार है। आखिर क्या कारण हैं कि महारानी दीया कुमारी पर पार्टी दांव लगा सकती है भाजपा ,आनंदपाल प्रकरण में राजपूतों की नाराजगी की वजह से पिछला विधानसभा चुनाव मामूली वोटों के अंतर से हार गई थी। इस बार भाजपा ये गलती दुबारा नहीं करना चाहती है।इसलिए राजपूत वोट बैंक को फिर से मजबूत किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी राजेंद्र सिंह राठौड़ को बैठाकर भाजपा ने राजपूतों को संदेश पहले दे दिया था। वसुंधरा से किनारा करने के बाद भाजपा अब राजस्थान में पार्टी के संस्थापक और कद्दावर नेता भैरो सिंह शेखावत की विरासत को फिर से जिंदा करने में लगी हुई है। खचरियावास में बार-बार भाजपा के बड़े नेताओं का जाना इसका सबूत है। दरअसल राजस्थान में राजपूत करीब 14 फीसदी हैं जिनका 60 विधानसभा सीटों पर असर है। जयपुर, जालोर, जैसलमेर, बाड़मेर, कोटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, नागौर, जोधपुर, राजसमंद, पाली ,बीकानेर और भीलवाड़ा जिलों में राजपूत वोटों की नाराजगी किसी भी पार्टी के लिए भारी पड़ जाती रही है। वैसे तो भाजपा के पास कई राजपूत नेता हैं राज्य में जिनमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ आदि प्रमुख हैं। पर सांसद दीया कुमारी की बात अलग हैं। महारानी गायित्रि देवी की विरासत भी उनके पास है। भाजपा उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर राजपूतों में संदेश दे सकती है। । हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों में राजपूत वोटों को लुभाने के लिए भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार के लिए दीया कुमारी को उतारकर पार्टी ने यह संदेश पहले ही दे दिया था कि राजस्थान के राजपूतों के लिए उनका इस्तेमाल किया जाएगा। राजस्थान के भाजपा नेताओं में वह इकलौती महिला नेता हैं, जिन्हें हिमाचल प्रदेश के चुनाव प्रचार में उतारा गया था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भष्ट्राचार पर ईमानदार नियंत्रण की आवश्यकता

**न्यूज करंट नरेंद्र तिवारी**

**भारत की एक बड़ी आबा**दी कठिन परिश्रम से दो वक्त की रोटी की जुगाड़ करती है। सुबह से शाम तक कड़ा शारारिक परिश्रम कर अपने परिवार को पालने हेतु राशि जुटा पाती है। इसके विपरीत सरकारी और राजनीतिक क्षेत्र में हम देखते है कि जनता की सेवा के नाम पर नेताओं और अफसरों का गठजोड़ अनियमितता और भष्ट्राचार से करोड़ो रु कमाता है। नेता और अफसरों के इस गठजोड़ की काली कमाई महानगरों में बड़ी-बड़ी आलीशान इमारतों के रूप में नजर आती है। महानगरों की सड़कों पर दौड़ती चमचमाती हुई कारो में सोने के आभूषणों से लदी मैम साहबो का रईसी ठाठबाट सरकारी और राजनतिक गठजोड़ से कमाई ब्लैक मनी का ही प्रदर्शन है। भारत मे आर्थिक असमानता का यह दृश्य देश के मेहनतकश आम नागरिक को खलता है, इस आमनागरिक को काली कमाई से दिखाई जाने वाली शान-औ-शौकत में जनता का शोषण नजर आता है। आम नागरिक के विकास, हक और तरक्की का करोड़ो रु भष्ट्राचार की भेंट चढ़ जाता है। भारत मे आर्थिक असमानता की खाई बहुत गहरी है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के आकड़ो के अनुसार भारत मे 1 प्रतिशत सर्वाधिक अमीर लोगो के पास 2021 में कुल राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत हिस्सा था, जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत लोग राष्ट्रीय आय के 57 प्रतिशत भाग पर काबिज थै। हमारे देश की आधी आबादी सिर्फ 13.1 फीसदी कमाती है। इस असमानता का सबसे बड़ा कारण भष्ट्राचार को ही माना जाता है। भष्ट्राचार देश की तरक्की के लिए नासूर बन गया है। इन हालातों में भष्ट्र आचरण के खिलाफ निष्पक्ष और निर्विवाद कदमों की आवश्यकता है, आजादी के बाद से अब तक देश के हुक्मरानों ने भष्ट्राचार को खत्म करने की सौगन्ध तो खूब खाई, किंतु भष्ट्र आचरण सरकारी और राजनीतिक तंत्र की कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है। भष्ट्र आचरण कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। इसी के साथ बढ़ती जा रही है आर्थिक असमानता की खाई जो आमजन के मन मे समानता की कोशिशों के लिए शंका पैदा करती है।

## शामत-ए-इंजीनियर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हाल ही में** मुझे जयपुर से चेन्नै जाना पड़ा। बगल वाली सीट पर जो युवक बैठा था, वह मूलतः चेन्नै का था। बातें शुरू हुईं। आरंभिक झिझक के बाद दोनों खुल गए। वह मुझसे ज्यादा बतक्कड़ था। वह अपनी बताने लगा और मैं सुनने लगा। उसने अपने बारे में क्या बताया उसी की जुबानी सुनते हैं मेरा नाम सेल्वन है। मैं चेन्नै से हूँ। क्षमा करें चेन्नै से नहीं जबरन इंजीनियर बनाने वालों की धरती से हूँ। यहाँ चाहे लड़का पैदा हो या लड़की उनमें गुण बाद में ढूँढ़ते हैं इंजीनियरी पहले। इस शहर के चप्पे-चप्पे में इंजीनियरी दिखाई देती है। यहाँ तक कि पान लगाने वाला पान पर चूना लगाने को भी इंजीनियरी मानता है और दूध वाला उसमें पानी मिलाने को। ऐसा नहीं है कि देश में इंजीनियर नहीं हैं। हैं लेकिन मेरे परिवार को देखने के बाद मुझे सबसे ज्यादा इंजीनियर यहीं दिखाई देते हैं। हमारे पिता की हम तीन संतानें हैं। पिता इंजीनियर हैं और हम तीनों को कैरियर का केवल एक विकल्प मिला इंजीनियर। इस मामले में मेरे पड़ोस में रहने वाला मित्र बड़ा भाग्यशाली निकला। उसे तीन विकल्प मिले झ्र इलेक्ट्रिनक इंजीनियरिंग, मेकानिकल इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग। शहर में इतने इंजीनियर हैं कि मक्खियों की संख्या इनके सामने कम पड़ जाती हैं। भिनभिनाते दोनों हैं - एक गुड़ पर तो दूजे प्लेसमेंट पर। बदकिस्मती से यहाँ गुड़ कोई इस्तेमाल करता नहीं और प्लेसमेंट मिलता नहीं। दोनों की किस्मत खराब है। भीड़ बढ़ जाए तो दही और इंजीनियरिंग में कोई अंतर नहीं रह जाता है। एक छांछ तो दूजा टाइमपास करने का अड्डा बन जाता है। इंजीनियरिंग के इतने सारे कॉलेज खुल गए हैं कि सड़क पर निकम्मा घूम रहे लोगों को भी उसमें दाखिला मिल जाए तब भी सीटें बची की बची रह जाती हैं। ऐरे-गैरे कॉलेजों में इस कोर्स को करने से अच्छा किसी भीड़-भाड़ वाले नुक्कड़ पर पकौड़े तलना है। कम से कम पकौड़े तलने की कला के साथ चार पैसे तो कमा लेंगे। हाँ आईआईटी में इंजीनियरी करने वाले हमसे एक कदम आगे होते हैं। कम से कम उनके पास शनिवार की शाम को क्या करना है, उसका विकल्प तो होता है। आईआईटी में पढ़ने वाला गूगल सीईओ बन जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### टेक्सटाइल एवं आइटी में पाइट और इटली के रिसर्चर मिलकर करेंगे शोध

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा कमाल हुसैन**

**इटली के** इटेलियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नॉलोजी (आइआइटी) के सीनियर रिसर्चर मिशेल डी लॉरो ने कहा कि आर्गेनिक न्यूरो इलेक्ट्रॉनिक्स के माध्यम से कैंसर जैसी जटिल बीमारियों को जड़ से खत्म कर सकते हैं। यहां तक की कैंसर के खात्मे के बाद शारीरिक रूप से कोई दिक्कत भी नहीं आएगी। किसी तरह के साइड इफेक्ट भी नहीं होंगे। इतना ही नहीं, अगर इंजीनियरिंग विंग के स्टूडेंटस और मेडिकल के स्टूडेंटस मिलकर रिसर्च करें तो दुनिया को कई क्रांतिकारी आविष्कार मिल सकते हैं। दरअसल, डी लॉरो यहां पाइट कॉलेज में छात्र-छात्राओं से मुखातिब थे। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें प्रैक्टिली कुछ रिसर्च के बारे में भी बताया। पाइट सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल में भी छात्र-छात्राओं को मिशेल ने प्रेरित किया। मिशेल ने कहा कि रिसर्च के लिए इससे बेहतर युग नहीं हो सकता। एआइ पर दुनिया काम कर रही है। आइटी के क्षत्र में बड़े बदलाव आ रहे हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग के माध्यम से जिंदगी को आसान बनाया जा सकता है। न्यूरो इलेक्ट्रॉनिक्स के माध्यम से तो टेक्सटाइल क्षेत्र और आगे बढ़ सकता है। इस तरह के कपड़े बनाए जा सकते हैं, जो आपके जीवन की सुरक्षा भी कर सकते हैं। आग नहीं लग सकेगी। कपड़े बेहद हल्के हो सकते हैं लेकिन इन्हें बुलेट छू भी नहीं सकती। ये तभी होगा, जब अलग-अलग विंग के छात्र मिलकर रिसर्च करें।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# हरकोफैड की आम सभा का हुआ आयोजन

## सभी एजेंडों को सदस्यों ने सर्वसम्मति से किया पास, देशी खाने, पहनने व सामान के लगे स्टॉल




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा एग्रो** एक्टपोर्ट हाउस हैफेड करनाल में हरकोफैड की 32वीं आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अतिरिक्त मुख्य संसदीय सचिव एवं हरकोफैड चेयरमैन सुधीर राजपाल ने वीसी के माध्यम से जुड़े। संस्था के डायरेक्टरों ने सहगीत गीत के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरकोफैड की प्रबन्ध निदेशक सुमन बल्हारा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करके हुए मीटिंग के एजेंडों को पढ़ा। मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से सभी एजेंडों पर सहमति जताई।
अतिरिक्त मुख्य संसदीय सचिव एवं हरकोफैड चेयरमैन सुधीर राजपाल ने कहा कि हरकोफैड सहकारिता की प्रचार-प्रसार संस्था है, जिसे समय के साथ अपनी कार्यशैली में बदलवाते हुए ऑनलाइन मॉड को अपनाना होगा। सहकारिता के क्षेत्र को आगे बढ़ाते हुए नए प्रयोगों को अपनाना होगा। सहकारिता मंत्रालय लगातार नई नीतियां लाकर सहकारिता को आगे बढ़ा रहा है। पैक्स को सीएससी, औषधि केन्द्र, पेट्रोल पंप, गैस एंजेसी दी जा रही हैं। उन्होंने बैठक में मौजूद सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र के गांवों के लोगों को जागरूक करने की अपील की।
प्रबंध निदेशक सुमन बल्हारा ने बताया कि वो ऑनलाइन योजना को पहले ही अपनाए हुए हैं। प्रदेश की सभी पैक्सों को ऑनलाइन खाद, बीज व ऑग्रेनिक सोसायटी के सदस्य बनने की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। अब जल्द ही अन्य कार्यक्रमों को भी ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने एजेंडों के बारे में बोलते हुए सबसे पहले पिछली बैठक की पुष्टि की। सामान्य निकाय बैठक के निर्णयों पर प्रकाश डाला, बेलेंस सीट व नए भवन के लिए फाइल चलाने का प्रस्तुत किया।
बैठक में हाउसफैड के प्रबन्ध निदेशक योगेश शर्मा ने कहा कि हमें अपनी संस्था हैफेड, शुगर मिल, डेयरी फैड व अन्य सोसाइटी की सेवाओं का पता होना चाहिए। अपने दैनिक प्रयोग में उनके प्रोडक्ट का प्रयोग करना चाहिए। इससे हमारे संस्थाओं को कारोबार बढ़ेगा और वह अपने खोए हुए अतीत को पा सकेंगे। बैठक में निदेशक अनिल भयाना, निदेशक कुलदीप, निदेशक बलबीर सिंह, निदेशक लीलू राम, निदेशक केला देवी, निदेशक संतोष, निदेशक बीना देवी, सहकारी शिक्षा अधिकारी जगदीप सिंह मौजूद रही। देशी खाने के लगे थे स्टॉल कार्यक्रम के दौरान 10 स्टॉल लगाए गए थे।
महेन्द्रगढ़ के स्टॉल पर बाजरा से बने लड्डू, बाजरा की खिचड़ी, बाजरा के मटर व मिट्ठी पूरी और ज्वार व मूंग की लड्डू को लेकर गायत्री व माया देवी आई हुई थी। गुरुग्राम की पूजा शर्मा मिलेट्स पदार्थों से बने बिस्कूट लेकर पहुंची, जो इस समय पूरे देश की पहचान बने हुए हैं। बहादुर की निर्मल ने जूट से तैयार हुए बैग, लंच बैग, हैंड पर्स, फाइल कवर, सिलिंग कवर, हेंगर व हैड कीट काफी आकर्षक कर रही थी।
पंचकूला की वंदना व गुरजीत कौर भी हैंड मेड सामान लेकर पहुंची। जींद के सुभाष ने 40 प्रचार का आचार दिखाकर अचंभित किया। करनाल के ज्योति नगर की कुलजीत कौर हेम बेकर के तौर पर पहुंची, जो बिना अंडे के केक बनाकर अपनी छाप छोड़ते हुए आगे रही। पदाना की संजू देवी व कमलेश ने ऊन से काने के वस्त्र व स्वेटर बनाए हुए थे। चिडाव मोड की राजवंती ने मिट्टी से तैयार किए हुए कप, पोट, बोतल, कप प्लेट, तवा को बेचा।

## चलती गाड़ी पर गोली चलाने वाला आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए** वन की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी इंद्रजीत सिंह उर्फ इंद्र पुत्र जोगा सिंह वासी जरीफा वीरान गांव सहदपुरा थाना रामनगर करनाल को मंगलोरा से यमुना नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल 32 बोर का अवैध देशी पिस्तौल और एक स्कूटी बरामद की गई।
उल्लेखनीय है कि 6 अक्टूबर को पीड़ित राजेश पुत्र फूल सिंह वासी कोट मोहल्ला करनाल अदालत से तारीख पेशी के बाद वापस अपने घर की तरफ अपनी कार आई20 एचआर05एएन-7700 में अपने दोस्तों के साथ जा रहा था। मुगल कैनाल न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास पहुंचने पर अज्ञात स्कूटी चालक द्वारा गाड़ी पर अपनी पिस्तौल से फायरिंग की गई, जिसमें राजेश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। गोली लगने पर राजेश को अमृतधारा अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

## लोधी समाज ने लगाया आयुष मैडिकल कैम्प



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला आयुर्वेदिक** अधिकारी डॉ. सतपाल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग तथा लायंस क्लब करनाल सेंट्रल के सौजन्य से लोधी समाज धर्मशाला सदर बाजार में जिला स्तरीय निशुल्क आयुष हेल्थ कैंप लगाया गया, जिसमें 435 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई
इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र वाइस चेयरमैन स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा रहे। उनका स्वागत प्रसिद्ध समाजसेवी सुभाष बंसल, लायंस क्लब करनाल के जिला अध्यक्ष राजेश सैनी, सचिव मोहन लोधी तथा कार्यकारी सदस्य प्रवीण सैनी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया।
सुभाष चंद्र ने बताया कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए आयुर्वेद अनुरूप आहार-विहार, नियमित रूप से योग और संतुलित जीवनशैली की आवश्यकता है। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा जनसाधारण के लाभ के लिए लगाए जाने वाले आयुष चिकित्सा शिविरों के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी तथा हरियाणा सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद तथा प्रशंसा की।आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि इस कार्यक्रम में निःशुल्क चिकित्सा, जाँच, औषधी वितरण, खान-पान, आहार-विहार, ऋतु चर्या, पथ्य-अपथ्य, मानसिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न योगिक अभ्यास व ध्यान आदि क्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई।
शिविर में मरीजों की जाँच के साथ-साथ निःशुल्क औषधियों का वितरण जोगिंदर, मुकेश तथा ममता द्वारा किया गया। मरीजों की जाँच डॉ. सतीश तथा डॉ मीनाक्षी द्वारा की गई। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज तथा योग सहायक अनुराग, सोनू पाल, कांता, कुसुम लता द्वारा योगा अभ्यास व ध्यान इत्यादि क्रियाएं करवाई गई। शिविर में मुख्यतः बुखार, जुकाम, खाँसी, जोड़ों के दर्द, सरवाईकल, स्पोंडीलाइटिस इत्यादि से पीड़ित मुख्यतः मरीजों की जांच की गई।

## मोटरसाइकिल चोर काबू, दो मोटरसाइकिलें बरामद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी सुनील कुमार पुत्र सीताराम वास मूसरिया थाना महालगा जिला अररिया बिहार हाल खानाबदोस नजदीक निर्मल कुटिया करनाल को निर्मल कुटिया के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी सुनील ने शिकायतकर्ता सुलतान वासी बड़ा गांव की मोटरसाइकिल 20 जुलाई को कल्पना चावला हॉस्पिटल के बाहर से और शिकायतकर्ता सौरभ वासी सेक्टर 33 करनाल की मोटरसाइकिल 31 अगस्त को झिवरेहड़ी स्टेडियम से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना सिविल लाइन में और थाना मधुबन में चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी जल्दी पैसे कमाने और नशा पूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देता है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## कैदियों के लिए कैम्पेन आयोजित करने का लिया निर्णय

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रशेखर की अध्यक्षता में जिला न्यायालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कारागार में बंद कैदियों के लिए कैम्पेन आयोजित करने व उनके हितों की रक्षा हेतु निर्णय लिए गए। सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि जिला करनाल में 12 व 13 अक्तूबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति पारिवारिक विवाद का मुकदमा रखकर उसका निपटारा आपसी रजामंदी से कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नम्बर 0184-2266138 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खेल हमेशा से छात्र जीवन का अभिन्न अंग रहे हैं: मेजर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आज प्रथम** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेलों का पहला दिन था और इस ऐतिहासिक दिन की शुरूआत मुख्य अतिथि मेजर जनरल संजय मैनी, जीओसी पीएच एवं एचपी के स्कूल के घुड़सवारी क्लब के सदस्यों द्वारा उनके काफिले के साथ औपचारिक तरीके से स्वागत के साथ हुई। मुख्य अतिथि को ग्रे कॉटेज ले जाया गया, जहां से वह कुंजपुरा के बहादुर दिलों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए साईं कुंज युद्ध स्मारक गए, पुष्पांजलि अर्पित की और अपनी प्यारी मातृभूमि, भारत की रक्षा के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान का सम्मान किया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल संजय मैनी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और फिर मेजबान प्रिंसिपल कर्नल विजय राणा ने औपचारिक रूप से उनका स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में दोनों निरीक्षण अधिकारी, एयर कोमोडोर डॉ एस जैकब और कोमोडोर आरके शर्मा, उप प्रधानाचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, जिला प्रशासनिक अधिकारी के प्रतिनिधि, डीजीपी के प्रतिनिधि और ओबीए के पदाधिकारी, पीपीपी मॉडल के तहत 19 नए सैनिक स्कूलों के प्राचार्य, प्रतिभागी स्कूलों के अधिकारी, प्रेस, और मेजबान स्कूल, सैनिक स्कूल कुंजपुरा का पूरा स्टाफ शामिल थे। पहला एआईएसएसएनजी एक मेगा खेल आयोजन है, जो वर्ष 1961 में स्थापित सैनिक स्कूल सोसाइटी के इतिहास में एक नए युग की शुरूआत को चिह्नित करता है। उत्साही प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा की गई इस अद्भुत पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अपनी हार्दिक इच्छा व्यक्त की कि अखिल भारतीय सैनिक स्कूल राष्ट्रीय खेल विद्युतीकृत प्रतिभागियों के बीच कौशल और प्रतिभा की एक स्वचालित चयन प्रक्रिया शुरू करेंगे, जिनमें से अधिकांश इस अद्भुत देश के दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से हैं।

## मेरी माटी-मेरा देश अभियान: रोहतक में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत जिलाभर में निकाली गई अमृत कलश यात्रा अब 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचेगी। इस कार्यक्रम में जिला की प्रत्येक पंचायत से एक पंचायत प्रतिनिधि शामिल होगा और रोहतक पहुंचेगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।
एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने अमृत कलश यात्रा के संबंध में आयोजित बैठक में कहा कि मेरी माटी मेरा देश के तहत अमृत कलश यात्रा का पहला चरण सफलता के साथ संपन्न हो गया है। जिलाभर में आयोजित हुए कार्यक्रमों के माध्यम से गांव स्तर से विकास खंड स्तर तक अमृत कलश यात्रा 2 अक्तूबर को संपन्न हो चुकी है। अब दूसरे चरण के तहत 25 अक्तूबर को रोहतक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में यह कलश वहां सम्मानपूर्वक पहुंचाए जाएंगे।

**रोहतक में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक पंचायत से शामिल होगा एक पंचायत प्रतिनिधिः**
एडीसी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रत्येक पंचायत से एक पंचायत प्रतिनिधि अवश्य शामिल होगा। सभी पंचायत प्रतिनिधि ब्लॉक स्तर पर इका होकर बस के माध्यम से रोहतक पहुचेंगे। उन्होंने सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वह अपने खंड के अनुसार प्रत्येक बस पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं। समय से उन लोगों की सूची तैयार की जाए, जो इस कार्यक्रम में पंचायतों की तरफ से शामिल होने के लिए जाएंगे। यात्रा का तीसरा और अंतिम चरण दिल्ली में संपन्न होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अमृत कलश दिल्ली पहुंचाए जाएंगे।

## 20 से 23 अक्तूबर तक सैक्टर 12 स्थित हुडा ग्राउंड में लगेगा व्यापार मेला: डा. वैशाली



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त उपायुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने सैक्टर 12 स्थित हुडा ग्राउंड में 20 अक्तूबर से लेकर 23 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले व्यापार मेले के सफल आयोजन को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली और प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापार मेले के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित जिम्मेदारी निभाएं और एमएसएमई को अपना पूरा सहयोग दें। बैठक में एडीसी ने नगर निगम के अधिकारी को निर्देश दिए कि व्यापार मेला स्थल की साफ-सफाई बेहतरीन ढंग से करवाई जाए और चार दिवसीय मेले के दौरान स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए व्यापार मेले में लगने वाली स्टॉलों में बैनर व प्रचार साहित्य रखें, ताकि मेले में आने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी मिलती रहे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का प्रयास है कि व्यापार मेलों के माध्यम से स्थानीय स्तर की औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन मिले। इसी उद्देश्य से लिए एमएमएमई के माध्यम से प्रदेश में व्यापार मेलों का आयोजन हो रहा है। इन व्यापार मेलों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को भी प्रदर्शित करने के लिए अच्छा अवसर है। ऐसे में व्यापार मेले के दौरान स्वयं सहायता समूहों को भी स्टॉल आबंटित किए जाएं ताकि जहां उनके उत्पादों के प्रदर्शन के साथ-साथ बिक्री भी हो सके।
उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से व्यापार मेले में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा दर्शकों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से हैल्थ कैंप भी लगाया जाएगा जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जाएगी। उन्होंने जिला उद्योग केन्द्र तथा एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय औद्योगिक इकाईयों को व्यापार मेले में बुलाना सुनिश्चित करेंगे।
बैठक में एमएसएमई के संयुक्त निदेशक कपिल मित्तल ने बताया कि चार दिवसीय व्यापार मेले में जहां औद्योगिक इकाइयां, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों तथा विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर है वहीं दूसरी ओर लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां, सेमिनार, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जाएंगी। व्यापार मेले में औद्योगिक इकाईयों व अन्य विभागों की 50 से अधिक स्टॉलें लगाई जाएगी। इसके अलावा व्यापार मेले में फूड कोर्ट भी लगवाई जाएंगी। जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एलडीएम, डिप्टी सीएमओ, रैडक्रॉस सचिव, जिला उद्यान अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, सीडीपीओ सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फाइनेंस कमेटी की बैठक में लाखों के विकास कार्य पारित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला शहर के** नगर निगम की फाइनेंस कमेटी की बैठक 3 साल बाद संपन्न हुई। जिसमें बरसाती पानी की निकासी के लिए स्ट्राम वाटर ट्रीटमेंट पर चर्चा की गई। जिसमें एक्सीएन एल सी चैहान ने बताया कि शहर के सेक्टर 1,8,9,10 में पिछले कई वर्षों से जो बरसाती पानी जमा होने की समस्या है उसका मुख्य कारण टीपीएस सिस्टम का पुराना होना है। इसके साथ ही टीपीएस सिस्टम अंडर कपेस्टी भी है। 15 से 16 वर्ष पुराना सिस्टम है। जिसके चलते यह ठीक प्रकार से काम नहीं कर रहा है। जिसके कारण बरसाती पानी इन क्षेत्रों में जमा हो जाता है। जिसके चलते नगर निगम से संज्ञान लेते हुए टीपीएस में सुधार के लिए




सिस्टम के लिए 2. 23 करोड़ रूपए के टैंडर जारी किए है। जिसमें दो वर्षों तक टीपीएस में सुधार किया जाएगा। बैठक में डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने एजेंडे का स्वागत करते हुए कहा कि देर आए पर दुरूस्त आए। उन्होनें कहा कि कमेटी के बनने के बाद से 3 वर्षों बाद कमेटी की बैठक हुई। जिसके चलते वे निगम अधिकारियों का धन्यवाद करते है। इसके साथ ही उन्होनें निगम आयुक्त से गुहार लगाई है कि जो भी कार्य ठेकेदार को सौंपा जाता है उसमें यह देखा जाए की किस ठेकेदार को

**8 शहर के सेक्टर 1,8,9,10 में पिछले कई वर्षों से जो बरसाती पानी जमा होने की समस्या है**

कितने टेंडर दिये गए है। इसके साथ ही टेंडर को समय पर समाप्त न करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई भी की जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होनें कहा कि शहर के मनमोहन नगर , जग्गी कॉलोनी, काजीवाड़ा व अन्य निचले क्षेत्र जिसमें जलभराव की समस्या सामने आती है उसके लिए भी निगम उचित कदम उठाए। जिससे आगे भी बरसातो में लोगो को बाढ़ का सामना न करना पड़े।
मेयर ने कहा कि सैक्टर 8,9,10 की सफाई व अन्य संबंधी बातचीत हुई जिसे सभी ने सर्वसम्मति से पास किया गया। उन्होंने कहा कि जहां जहां पर भी नाले आदि बनने है वहां पर कार्य किया जाएगा। सैक्टर 9 में जो टीपीएस लगे हुए हैं उन्हें ऑपरेट करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आसपास के वार्डों में भी फायदा होगा।
उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने अमाउंट रखा हुआ था 50 लाख से उपर का कार्य फाइनेंस कमेटी के पास जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पहले अधिकारी कमरों में बैठकर विशेष लोगों के साथ मीटिंग कर बजट बना लेते थे और पास भी हो जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।
अब बजट बनाया गया है और ऐजंडा भी तैयार किया गया है। इसीलिए अब मीटिंग बुलाई गई है आगे भी जो कार्य हमारे पास आएंगे हम उसे पूरा करेंगे।

# मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है : मानव सेवा ट्रस्ट




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा के** सोनीपत के हृदय में, आशा और करुणा की एक किरण चार दशकों से अधिक समय से चमक रही है। 1978 में स्वर्गीय श्री टीसी अलख द्वारा स्थापित मानव सेवा ट्रस्ट, समुदाय की सेवा करने और अनगिनत व्यक्तियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए अथक रूप से समर्पित है। आज इस महान संगठन में सबसे आगे गतिशील अध्यक्ष सुमीत अलख और सचिव श्री राकेश शर्मा हैं, जो निस्वार्थ सेवा और सामुदायिक सुधार की विरासत को जारी रखते हैं। समाज के कल्याण के लिए ट्रस्ट की प्रतिबद्धता का उदाहरण देने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर है, जो अटूट भक्ति के साथ आयोजित किया गया है। 11 अक्टूबर 2023 को सुबह 9.30 बजे एलटी फूड्स लिमिटेड, सोनीपत में आयोजित यह विशेष शिविर विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह दावत बासमती चावल के संस्थापक स्वर्गीय श्री रघुनाथ अरोड़ा की प्रेमपूर्ण स्मृति में आयोजित किया जाता है, जिन्होंने न केवल देश में एक अमिट छाप छोड़ी है। व्यापार जगत के साथ-साथ लोगों के दिलों को भी उन्होंने छुआ। मानव सेवा ट्रस्ट की गतिविधियाँ सामुदायिक सेवाओं के व्यापक स्पेक्ट्रम तक फैली हुई हैं, जो सामाजिक उत्थान के लिए उनके समग्र दृष्टिकोण को दशार्ती हैं। उनकी सराहनीय पहलों में से हैंः श्मशान घाटः दुख और नुकसान के समय में, ट्रस्ट एक अच्छी तरह से रखे गए श्मशान घाट का रखरखाव करके शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना प्रदान करता है, जहां अंतिम संस्कार गरिमा और सम्मान के साथ किया जा सकता है। निःशुल्क सार्वजनिक पुस्तकालयः ज्ञान ही शक्ति है, और ट्रस्ट शिक्षा और ज्ञानोदय के महत्व को समझता है। उन्होंने समुदाय के भीतर साक्षरता और सीखने को बढ़ावा देने के लिए एक निःशुल्क सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना की है। चिल्ड्रन पार्कः बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए एक पोषणयुक्त वातावरण आवश्यक है। मानव सेवा ट्रस्ट ने बच्चों के खेलने और बढ़ने के लिए सुरक्षित और आनंददायक स्थान बनाए हैं। शव वाहन और प्रशीतित शवगृहः शोक के कठिन समय के दौरान, ट्रस्ट एक शव वाहन और प्रशीतित शवगृह सेवाएं प्रदान करता है, जिससे दुखी परिवारों पर बोझ कम हो जाता है। निःशुल्क दंत उपचार शिविरः समग्र स्वास्थ्य के लिए अच्छा मौखिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है। नियमित दंत चिकित्सा शिविर यह सुनिश्चित करते हैं कि दंत चिकित्सा देखभाल सभी के लिए सुलभ हो, चाहे उनकी वित्तीय स्थिति कुछ भी हो। निःशुल्क बहु-विशेषता चिकित्सा शिविरः भारत के प्रमुख अस्पतालों के साथ साझेदारी करते हुए, ट्रस्ट बहु-विशेषता चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता है, जो जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। मानव सेवा ट्रस्ट के अथक प्रयास इसकी कोर टीम में शामिल समर्पित व्यक्तियों के बिना संभव नहीं होंगे।

## न्यूज फ्लैश

### लाडवा हल्के की जनता को जनहित के काम करने वाले व्यक्ति को भेजना चाहिए विधानसभाः संदीप गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** लाडवा हल्के के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के की जनता को ऐसे व्यक्ति को चुनकर इस बार विधानसभा में भेजना चाहिए जो लाडवा हल्के की जनता की आवाज उठा सकें और लोगों को जो समस्याएं आती है उनका समाधान करवा सकें।बुधवार को लाडवा की संगम मार्केट में दुकानदारों से नेता संदीप गर्ग से मुलाकात की व गर्ग द्वारा किये जा रहे जनहित व समाज हित के कार्यो को लेकर अपना समर्थन दिया। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के की जनता की आवाज उठाने के लिए ऐसे व्यक्ति को विधानसभा में भेजना चाहिए जो हल्के की जनता की आवाज को उठा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार में कोई कमी नहीं होती, कमी इंसान में होती है। जो अपने स्वार्थ के लिए विधायक तो बन जाता है। परंतु फिर उसके बाद विधानसभा की जनता को भूल जाता है। उन्होंने कहा कि अभी से पहले लाडवा हल्के की जनता ने वोट देकर जितने भी विधायक बनाए हैं, वह केवल विधायक ही बने हैं। उन्होंने हल्के के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के विधानसभा चुनाव में लाडवा विधानसभा से ऐसे प्रतिनिधि को चुनकर विधानसभा में भेजने का काम करें। जो हल्के की जनता के लिए काम कर सके और हल्के को जिले में ही नहीं बल्कि हरियाणा प्रदेश के मानचित्र पर अलग विधानसभा बनाकर दिखा सकें। वहीं दुकानदारों ने समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा किये जा रहे जनहित व समाज हित के कार्यो को लेकर अपना समर्थन दिया और आगामी विधानसभा चुनावों में साथ देने का वायदा किया। मौके पर हरीश अरोड़ा, भगवान दास, संगम, हैप्पी अरोड़ा, सतीश, अनुज गर्ग, मंदीप सिंह, संजय रहेजा, देवेन्द्र, तारा, परदीप, बिट्टा, राजेश, रोमिल चोपड़ा, नरेन्द्र अरोड़ा, रमना आनंद, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

### केंद्र सरकार ला रही मजदूरों के लिए 12 घंटे काम करने का कानून, कांग्रेस करेगी विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
**नारनौल। कांग्रेस** के संगठित एवं कामगार कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तनवीर एडवोकेट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के बाद पत्रकार वार्ता भी हुई। जिसमें एडवोकेट तनवीर ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों को फिर से 12 घंटे काम करने का कानून ला रही है। जिसका वे विरोध ही नहीं करेंगे, बल्कि इसको लागू ही नहीं होने देंगे।
पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में तनवीर एडवोकेट ने कहा कि अंग्रेजों के समय में मजदूरों से 12 घंटे काम करवाया जाता था। जिसका बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने विरोध किया और उनके लिए 8 घंटे काम करने व बीच में 30 मिनट का ब्रेक भी देने का प्रावधान करवाया। इसके बाद यही कानून असंगठित कामगार मजदूर के लिए बना हुआ है, लेकिन अब पता चला है कि मौजूदा केंद्र सरकार असंगठित कामगार मजदूर के लिए फिर से 12 घंटे कार्य किए जाने का नया कानून ला रही है। इससे इस दबे कुचले वर्ग पर काम का भारी बोझ आ जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस कानून को लाएगी तो इसका न केवल विरोध किया जाएगा, बल्कि इसको लाने ही नहीं दिया जाएगा। इसके लिए चाहे दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दिया जाए या कहीं भी प्रदर्शन किया जाए। उन्होंने कहा कि असंगठित एवं कामगार कमार्चारी के लिए कांग्रेस सरकार पूरे देश में संगठन बना रही है, ताकि इस दबे कुचले वर्ग के लोगों को कुछ फायदा हो सके। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा प्रदेश में यह संगठन खड़ा कर दिया गया है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के अलावा जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। इस मौके पर पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है।

# हॉकी खिलाड़ी सुमित कुमार का राजीव जैन ने बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**चीन में** 19वे एशियन गेम्स में जापान को हराकर विजेता बनी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी सुमित कुमार को मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बुके एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया एवं इसी तरह ओलिंपिक खेलों में भी विजय पताका फहराने के लिए अग्रिम शुभकामनायें दी।

हॉकी खिलाडी सुमित का सोनीपत पहुँचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राजीव



जैन ने कहा कि पूरी टीम 9 वर्षों के बाद पदक जितने के लिए बधाई की पात्र है, और अभी से अपनी छोटी मोटी कमियों का अवलोकन करके पेरिस में होने वाले ओलिंपिक की तैयारी पूरी लग्न से करनी चाहिए । उन्होंने आगे कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारें खेलों को बढ़ावा देने के अविस्मरणीय योगदान दे रही है जिस कारण पहली बार 100 से ज्यादा पदक जीतने में भारतीय खिलाडी कामयाब रहे। हॉकी खिलाडी सुमित ने बताया कि खिलाडियों को भाग लेने जाने से पहले स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रोत्साहित करना एवं जीतने के बाद बुलाकर बधाई देना हम सब में ऊर्जा भरने का काम करता है। सुमित का कहना है कि सरकार द्वारा पदक जीतने के बाद दी जाने वाली करोड़ों रुपयों कि राशि और सम्मानजनक नौकरी से खिलाडी खेल को कैरियर के रूप में चुनने लगे हैं।

# वात्सल्य वाटिका में डाकघर विभाग की तरफ से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की गई आयोजित



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी अमीन रोड कुरुक्षेत्र में डाकघर विभाग की तरफ से प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई । इस प्रतियोगिता का विषय डाक टिकट इकट्ठा करने और सामान्य ज्ञान था । प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में कुल पाँच टीमों ने भाग लिया । प्रत्येक टीम में तीन प्रतिभागी रहे और कुछ राउंड चार करवाए गए । टीम बी पहले स्थान पर ( महक, आकाश, खुशी) , टीम सी दूसरे स्थान पर ( अनु,अनुराधा,गौतम) , टीम इ तीसरे स्थान पर ( करिश्मा, प्रियंका, करिश्मा) रही । पहले तीन स्थानों पर रहने वाली टीमों को पुरस्कार दिया गए।

# छावनी के भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा की विशेष बैठक सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला छावनी** के निकालसन रोड पर भाजपा कार्यालय में सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिंपल की अध्यक्षता में सदर मंडल महिला मोर्चा की विशेष बैठक महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय गुप्ता नेतृत्व में हुई। बैठक में सर्वप्रथम पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ी नई महिलाओं को पटका पहनाकर भाजपा परिवार में मीनू सीता प्रीति सुनैना पूनम आदि महिलाओं का जोरदार स्वागत किया गया। नवनियुक्त महिलाओं ने भाजपा का दामन थाम पार्टी में कर्मठता एवं निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली। बैठक में महिला मोर्चा अध्यक्षा विजया गुप्ता ने बताया कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की बदौलत आज अम्बाला छावनी भी आसमान में उड़ान भरेगा उन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज



की बदौलत अम्बाला छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनने जा रहा है जिसका शिलान्यास 15 अगस्त अक्टूबर 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर शिलान्यास कर डोमेस्टिक एयरपोर्ट का निर्माण कार्य आरंभ करवाएंगे उन्होंने बताया कि गृहमंत्री अनिल विज द्वारा करवाया गया यह विकास कार्य अम्बाला छावनी के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने जा रहा है अम्बाला छावनी साइंस इंडस्ट्री व सबसे बड़ी कपड़ा मार्केट है यहां हर प्रकार की सुख सुविधा से लैस शहर बनने जा रहा है जिसमें डोमेस्टिक एयरपोर्ट भी जुड़ने के कारण अम्बाला छावनी में और आसपास के क्षेत्र को एयरपोर्ट के माध्यम से रोजगार व अन्य सुख सुविधा आएंगे।

# कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर दिखाई गई डॉक्युमेंट्री

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)राजकीय** कन्या महाविद्यालय पलवल कुरुक्षेत्र के हिंदी विभाग की बाबू बालमुकुंद गुप्त साहित्य परिषद द्वारा हिंदी साहित्य के कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कहानियां पर डॉक्युमेंट्री दिखाई गई। कार्यक्रम के संयोजक हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ सुनील थुआ ने बताया की मुंशी प्रेमचंद की कालजयी कफन व ठाकुर का कुआं कहानियों पर विद्यार्थियों को नाट्य रूपांतरित रूप में प्रदर्शित की गई। ततपश्चात एम. ए हिंदी के विद्यार्थियों ने कहानियों से उभरे विभिन्न विषयों पर संवाद किया।

# फसल अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ निपटा जाएगा सख्ती के साथ: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)उपायुक्त शांतनु** शर्मा ने कहा कि फसल अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। अगर कोई किसान दोबारा फसल अवशेषों में आग लगाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सीधी एफआईआर दर्ज की जाएगी। इस जिले के पर्यावरण को स्वच्छ बनाने और मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए किसानों को स्वयं फसल अवशेषों में आग नहीं लगानी चाहिए। अपितु किसानों को खेतों में ही फसल अवशेषों



का प्रबंधन करने पर सरकार की प्रति एकड़ 1 हजार की स्कीम का फायदा उठाना चाहिए।
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बुधवार को पिपली व थानेसर ब्लॉक के 1 दर्जन गांवों में फ्लैग मार्च किया और किसानों से बातचीत भी की है। इससे पहले उपायुक्त शांतनु शर्मा, एसडीएम सुरेंद्र पाल, डीडीए डा. सुरेंद्र मलिक, एसडीओ जितेंद्र मेहता, क्यूसीआई शशिपाल शर्मा, एएई राजेश वर्मा ने गांव पिपली, मथाना, दौलतपुर, किशनगढ़, खेड़ी गादियान, बोढी, उमरी, समानी, जिरबड़ी, पलवल सहित अन्य गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उपायुक्त ने 2 जगहों पर फसल अवशेषों में आग लगाने वाले 2 किसानों के चालान करवाए और प्रत्येक किसान पर 2500-2500 रुपए का जुर्माना भी लगाया। इस फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त ने अलग-अलग गांव में काफिले को रुकवाकर खेतों में काम कर रहे किसानों से बातचीत की और अपील की कि फसल अवशेषों में आग ना लगाए तथा फसल अवशेषों का प्रबंधन करने पर सरकार की योजनाओं का फायदा उठाए।

# मानवता के कल्याण में रक्तदान बड़े पुण्य का कार्यः प्रो. सोमनाथ



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)मानवता के** कल्याण में रक्तदान बडे. पुण्य का कार्य कहलाता है क्योंकि इसके द्वारा किसी व्यक्ति की नया जीवन मिल सकता है। विज्ञान की इतनी प्रगति के बावजूद भी रक्त का कोई विकल्प नहीं बना है। आज के समय में रक्त की स्वास्थ्य क्षेत्र में काफी अवश्यकता रहती है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग एवं नेशनल सोशल आगेर्नाईजेशन की कुरुक्षेत्र इकाई के संयुक्त तत्वावधान में नॉन-टीचिंग क्लब में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ ने शिविर में बैच लगाकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्त के अभाव में खून की एक-एक बूंद का महत्व काफी अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं नेशनल सोशल आगेर्नाईजेशन मानवता के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम संचालित कर रक्तदान के लिए लोगों को जोड़ने का काम कर रही हैं। इसलिए सभी को इस महान कार्य का हिस्सा बनना चाहिए क्योंकि किसी के अमूल्य रक्त से किसी की जान बचाई जा सकती है। केयू एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. आनन्द कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए सिविल हॉस्पिटल की टीम पहुंची और 105 यूनिट रक्त एकत्रित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हमें किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता और हमारे द्वारा दिया हुआ रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है। इसलिए जागरूकता पैदा करने के लिए द्वारा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है। एनएसओ युवा जिलाध्यक्ष सौरव गुप्ता ने बताया कि यह संस्था का 95वां रक्तदान शिविर है और संस्था समाजसेवा के कार्यों में निरंतर कार्यरत है। रक्तदान दान करने वालों में रजनी, कमल दीप, सुखपाल, जितेल, राहुल, आशीष, सौरभ, दीपक, शुभम आदि रहे।

# भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा की विशेष बैठक सम्पन्न

## पार्टी से जुड़ी नई महिलाओं को पटका पहनाकर स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला छावनी** के निकालसन रोड पर भाजपा कार्यालय में सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिंपल की अध्यक्षता में सदर मंडल महिला मोर्चा की विशेष बैठक महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय गुप्ता नेतृत्व में हुई। बैठक में सर्वप्रथम पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ी नई महिलाओं को पटका पहनाकर भाजपा परिवार में मीनू सीता प्रीति सुनैना पूनम आदि महिलाओं का जोरदार स्वागत किया गया। नवनियुक्त महिलाओं ने भाजपा का दामन थाम पार्टी में कर्मठता एवं निष्ठा



के साथ कार्य करने की शपथ ली। बैठक में महिला मोर्चा अध्यक्षा विजया गुप्ता ने बताया कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की बदौलत आज अम्बाला छावनी भी आसमान में उड़ान भरेगा उन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज की बदौलत अम्बाला छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनने जा रहा है जिसका शिलान्यास 15 अगस्त अक्टूबर 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर शिलान्यास कर डोमेस्टिक एयरपोर्ट का निर्माण कार्य आरंभ करवाएंगे उन्होंने बताया कि गृहमंत्री अनिल विज द्वारा करवाया गया यह विकास कार्य अम्बाला छावनी के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने जा रहा है अम्बाला छावनी साइंस इंडस्ट्री व सबसे बड़ी कपड़ा मार्केट है यहां हर प्रकार की सुख सुविधा से लैस शहर बनने जा रहा है जिसमें डोमेस्टिक एयरपोर्ट भी जुड़ने के कारण अम्बाला छावनी में और आसपास के क्षेत्र को एयरपोर्ट के माध्यम से रोजगार व अन्य सुख सुविधा आएंगे गृहमंत्री अनिल विच के नेतृत्व में अम्बाला छावनी की तस्वीर बदल गई है विकास कार्यों के माध्यम से अम्बाला छावनी का दर्जा और अधिक ऊंचा होने जा रहा है ।

# बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स का प्रयोग बहुत जरूरीः ज्ञान चंद

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्यौडा में सरकार द्वारा मोटे अनाज के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम के तहत "मिलेट्स फेयर" का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एस एम सी मेंबर्स को आमन्त्रित गुरप्रीन कौर द्वारा मोटे अनाज से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। मिलेट्स के ऊपर विद्यार्थियों की चार्ट प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। चार्ट प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा की छात्रा रेणु प्रथम रही।कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी अध्यापिका गुरप्रीन कौर द्वारा किया गया। पंजाबी अध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार मिलेट्स आम जन को रोगों से दूर रख कर स्वस्थ रहने में सहायक है। विद्यार्थियों ने भी आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मुख्याध्यापक ज्ञान चंद सैनी ने भी बताया कि आज के इस समय में जहां स्वस्थ रहना भी एक चुनौती से कम नहीं है, वहां ये मिलेट्स हमारे स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। आयोजन के दौरान असीमा ,अंकिता ,नरेश ,सुमित , ओंकार , सुनीता , गीता आदि अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# चोरी की वारदात से त्रस्त हैं श्रीनगर के लोग







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र** के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-61 स्थित श्रीनगर के लोग इन दिनों जाम की समस्या से जूझ रहें हैं। वहीं मैत्री आरडब्ल्यूए के सचिव बलराम चावला ने बताया कि गली नंबर-2 रेलवे अंडरपास पर लोअर बैरिकेड लगा हुआ था, वह काफी लंबे समय से हटा हुआ हैं और अंडरपास की हाईट भी काफी कम हैं, जिसके चलते आए दिन यातायात बाधित रहता हैं और जाम जैसी परिस्थिति पैदा हो जाती हैं। वहीं आरडब्ल्यूए के प्रधान राजेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कई बार एंबुलेंस जैसे इमरजेंसी वाहन भी आकर फंस जाते हैं।

**समस्या...**

**8 आरडब्ल्यूए पीडब्ल्यूएडी को कई बार शिकायत कर चुकी है, लेकिन संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।**

**दिन ढ़लते ही देते हैं चोरी की वारदात को अंजाम:** बलराम चावला ने यह भी बताया कि अंडरपास से सटी हुई झुग्गी बस्ती भी हैं, जहां से कुछ आसामाजिक तत्व आकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं, अंडरपास में साइडों पर लोहें के पाइप लगाए गए थे। जिनको आसामाजिक तत्व काटकर ले गए हैं, जिसकी शिकायत हमारी आरडब्ल्यूए व स्थानीय निवासियों ने दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी को लिखित में भी दी गई हैं।

वहीं आरडब्ल्यूए ने पुलिस से भी अपील की हैं कि इन इलाके की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग भी बढ़ाई जाये। जिससे की लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकें।

आरडब्ल्यूए की मांग है कि हमारी समस्याओं पर ध्यान दिया जाये, जिससे की स्थानीय जनता को परेशान न होना पड़े।



**क्या कहती हैं आरडब्ल्यूए:** बलराम चावला, सचिव मैत्री आरडब्ल्यूए ने बताया कि मैने कई बार लिखित में लोक निर्माण विभाग को मामले में शिकायत की थी, लेकिन मेरी शिकायत पर संबंधित अधिकारी ने कोई कार्यवाही नहीं की हैं, जिसके चलते अब जाम और चोरी की समस्या और अधिक गंभीर हो गई हैं।



**दीपक मेहरा, आरडब्ल्यूए महासचिव:** अंडरपास के बाहर लगे हुए लोअर हाइट साइनबोर्ड बेरिकेड को हटे हुए महीनों बीत गए हैं, जिसको अभी तक संबंधित विभाग द्वारा मरम्मत नहीं करवाया गया हैं, जिसकी वजह से आपातकालीन वाहन को भी जाम में फंसना पडता हैं। संबंधित विभाग को इस समस्या का समाधान करवाना चाहिए।



**राजेन्द्र यादव, प्रधान आरडब्ल्यूए:** संबंधित प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों को लेकर कतई भी गंभीर नहीं हैं। अंडरपास में जाम लगना तो अब आए दिन की समस्या बन गई हैं। कभी कभी हालात काफी ज्यादा खराब हो जाते है और जाम घंटो में जाकर खुलता है, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ता है।



**फैडरेशन आरडब्ल्यूए के प्रधान रवि गुप्ता** ने बताया कि हमारे इलाके में जहां एक ओर तो अंडरपास में लगे लोअर हाइट साइनबोर्ड बेरिकेड के हटने से जाम की समस्या हैं। तो वहीं रात के समय कुछ नशेड़ियों द्वारा चोरी की वारदात से भी यहां के लोग आहत हैं। मेरी प्रशासन से अपील है कि समस्या का समाधान किया जाये।

# नरेला की सुभाष रामलीला में हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**रामलीला** को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। बाहरी दिल्ली की सबसे बड़ी व पुरानी रामलीला सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब की तैयारियां अंतिम चरण में है। शनिवार से शुरू हो रहे भव्य रामलीला व दशहरा महोत्सव में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। वहीं रामलीला को और भी भव्य दिखाने के लिए मुख्य द्वार को कोलकाता के प्रसिद्ध देवी माता मंदिर की थीम पर तैयार किया जा रहा है। नरेला में सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के तत्वाधान में रामलीला ग्राउंड मनसा देवी रोड़ पर 77वें भव्य रामलीला व दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जितने वर्ष की आजादी उतने वर्ष की रामलीला के साथ क्लब अपने स्वर्णिम इतिहास को समेटे एक और नई पारी खेलने को तैयार है। 120 फुट लंबे और 80 फीट ऊंचे भव्य स्टेज पर शनिवार से भव्य रामलीला का मंचन शुरू हो जाएगा। जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने बताया कि बाहरी दिल्ली की सबसे बड़ी व पुरानी रामलीला सुभाष रामलीला 1947 से हो रही है। इस बार भी भव्य रामलीला व दशहरा महोत्सव 14 से 26 अक्टूबर तक चलेगा। इस बार रामलीला में विशेष आकर्षण का केंद्र हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा होगी। विजयदशमी के दिन हेलीकॉप्टर से रामलीला ग्राउंड परिसर में पुष्प वर्षा की जाएगी। वही रामलीला को और भी भव्य दिखाने के लिए मुख्य द्वार को कोलकाता के प्रसिद्ध देवी माता मंदिर की थीम पर तैयार किया जा रहा है। इस बार यह और भी भव्य और विशाल लगे इसके लिए कई पेशेवर टीवी कलाकार मुंबई, दिल्ली और देश के कई दूसरे हिस्सों से आए हुए हैं। वहीं 25000 वर्ग फीट एरिया में बनाए गए रामलीला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सिविल डिफेंस के वालंटियर, दिल्ली पुलिस के जवानों के अलावा डेढ़ सौ प्राइवेट गार्ड तनात रहेंगे। 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे ग्राउंड और पार्किंग एरिया में लगाए गए हैं। एंट्री गेट पर मेटल डिटेक्टर भी लगाए।





वजीरपुर वार्ड में जनता की समस्याओं को सुनते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी।

# वजीरपुर: भाजपा के कार्यों से प्रभावित हैं देश के लोग: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** मंडल भाजपा के अध्यक्ष उमा कांत शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां जनहितैषी नीतियां है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में आज भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है। जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की जनता पानी की समस्या से जूझ रही है, कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रही है, जिस कारण से लोग बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पी रहे है।



# विधायक कार्यालय पर प्रतिनिधि ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव झा के कार्यालय पर जनता की समस्याओं को सुना गया।

विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज विधायक कार्यालय पर जनता की समस्याओं को सुना गया। जनता को आश्वासन दिया गया कि आपकी जो भी समस्याएं है, उन समस्याओं का समाधान किया जायेगा, ताकि आप लोगों को आगे इस प्रकार की समस्या से न जूझना पड़े।

जय प्रकाश यादव ने आगे बताया कि विधायक संजीव झा बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है, इनके कार्यों से बुराड़ी क्षेत्र की जनता काफी ज्यादा खुश है। श्री यादव ने कहा कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।




# अशोक विहार: महंगाई से परेशान हैं देश के लोग: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि आज देश में महंगाई अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है और गरीब परेशान हो रहा है। लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हुए है। दिल्ली में कागजों में तो विकास हो रहा है, लेकिन धरातल पर विकास नहीं हो रहा है, जिसके चलते लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है और जनता परेशान हो रही है।



# शकूरपुर: वार्ड-62 के निगम पार्क की हालत खस्ता, पार्क में बांधे जा रहे हैं पशु, जनता परेशान









**टीम एक्शन इंड़िया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**त्रीनगर** विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर के वार्ड़ नंबर-62 में स्थित निगम का पार्क स्थानीय पार्षद व निगम के अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। जिसके चलते पार्क की हालत इतनी खराब हो गई हैं कि लोगों ने पार्क की ओर रूख करना ही बंद कर दिया हैं।

**क्या हैं पूरा मामला:** दरअसल मामला शकूरपुर गांव के एम ब्लॉक जेजे कॉलोनी में स्थित शमशान घाट के सामने बने चौधरी फतेह सिंह नैन वाटिका नाम से निगम पार्क का हैं, जो कि अनुमानित करोड़ो रूपए की लागत से तीन वर्ष पूर्व 2020 में बनाकर जनता के हवाले कर दिया गया था। जहां पर अब गंदगी से पूरा पार्क पटा हुआ हैं। वहीं दूसरी ओर महीनों से पार्क की बांउड्री वाल भी टूटी पड़ी हुई हैं, जिसको आज तक निगम द्वारा मरम्मत तक नहीं करवाया गया हैं, जिसके चलते पार्क की हालत बद से बदत्तर हो चले हैं।

**पार्क बना घोड़ो का अस्तबल, तो किसी ने बनाया धोबीघाट:** पार्क में न तो कोई माली हैं, जिसके चलते अब पार्क से हरियाली भी नदारद हो गई हैं, वहीं सुरक्षा के लिए एक भी माली तक नही हैं।

जिसका फायदा यहां के स्थानीय लोगों ने भी खूब उठाया हैं, जिसके चलते अब लोगों ने इस पार्क में अपने घोड़े भी बांधने शुरू कर दिए हैं। तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय निवासियों द्वारा पार्क में रस्सी बांधकर कपड़े सुखाए जाते हैं।

**पार्क की टूटी है दीवारें, पसरा रहता हैं अंधेरा:** उल्लेखनीय हैं कि पार्क की दीवारें टूटी पड़ी हुई हैं। उसमें कूड़े के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता है। पार्क में जगह-जगह कूड़े के खत्ते बन गए हैं, जहां पर आवारा पशु मुंह मारते फिरते हैं।

वहीं पार्क के दरवाजे के पास दीवार में माली और चौकीदार का नाम तो लिखा हुआ हैं, लेकिन पार्क में न माली है और न चौकीदार हैं। ऐसे में पार्क उजड़ रहे हैं। पार्क में रोशनी कम होने के चलते शाम ढलते ही असामाजिक तत्व आ धमकते हैं और शराब आदि की पार्टी करते हैं।

यहां नगर निगम की तरफ से सफाई के नाम पर खानापूर्ति तक भी नहीं की जाती हैं।

**क्या कहते हैं लोग: राजबाला** (स्थानीय निवासी) ने बताया की काफी महीनों से पार्क की दीवारें टूटी पड़ी हुई हैं, जिसको लेकर कई बार इलाके के लोगों ने शिकायत भी की थी, लेकिन पार्षद किशन बेमाड़ ने हमारी कोई सुनवाई नहीं की, जिसके चलते हमने पार्षद से शिकायत करना ही बंद कर दिया हैं।

**दयाशंकर तिवारी** (स्थानीय निवासी) ने बताया कि पार्क की सफाई को लेकर निगम अधिकारी व पार्षद साहब जरा भी गंभीर नहीं हैं। गंदगी से पार्क पूरी तरह से बदहाल हो गया है और निगम में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

मामले में जब स्थानीय निगम पार्षद किशन बेमाड़ से उनका पक्ष जानने के लिए उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन उठाने की बजाए नंबर ब्लॉक करना ही उचित समझा।





# उत्तराखण्ड को ₹ 4200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार





## इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, खेल एवं पर्यटन, आपदा प्रबंधन, बागवानी से जुड़ी 23 विकास परियोजनाओं का

उत्तराखण्ड को महत्व देने के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद। हम निश्चित रूप से मोदी जी की आकांक्षाओं का उत्तराखण्ड बनाएंगे। प्रदेश के लिए उनका योगदान वृहद है। उत्तराखण्ड से उनका रिश्ता मर्म एवं कर्म का है। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखंड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# लोकार्पण एवं शिलान्यास

प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी**
के कर कमलों द्वारा

## शिलान्यास
**₹ 2845 करोड़ की 13 परियोजनाएँ**

**किसानों की आय में होगी वृद्धि**

- 21398 पॉली-हाउस निर्माण की योजना
- उच्च घनत्व वाले सघन सेब बागानों की योजना

**इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास**

- राष्ट्रीय राजमार्गों पर 02 लेन एवं ढलान उपचार के 05 कार्य
- राज्य में 32 पुलों का निर्माण

**आपदा प्रबंधन को मजबूती**

- एसडीआरएफ के तहत अग्नि सुरक्षा बुनियादी ढांचे और बचाव उपकरणों को मजबूत करना
- देहरादून में राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (SEOC) का अपग्रेडेशन
- बलियानाला, जनपद नैनीताल में भूस्खलन की रोकथाम हेतु उपचार

**शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का विस्तार**

- 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों में हॉस्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण
- सोमेश्वर, अल्मोडा में 100 बिस्तरों वाला उप जिला अस्पताल
- चंपावत में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल ब्लॉक का निर्माण
- रूद्रपुर में वेलो-ड्रोम निर्माण कार्य
- स्पोर्ट्स स्टेडियम, हल्द्वानी में एस्ट्रो टर्फ हॉकी मैदान का निर्माण

**चार धाम की भांति मानसखंड के मंदिर क्षेत्रों का विकास**

- मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत जागेश्वर धाम, हाट कालिका एवं नैना देवी मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं का विकास

## गरिमामयी उपस्थिति

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

अजय भट्ट
केंद्रीय राज्य मंत्री

मंत्री, उत्तराखंड सरकार
सतपाल महाराज
गणेश जोशी
प्रेमचंद अग्रवाल
सुबोध उनियाल
डॉ. धन सिंह रावत
रेखा आर्या
सौरभ बहुगुणा

सांसद
डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक'
अजय टम्टा
कल्पना सैनी
नरेश बंसल
रेखा वर्मा

12 अक्टूबर, 2023 (बृहस्पतिवार)
समय : अपराह्न 2:30 बजे

स्थान : श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, पिथौरागढ़

## लोकार्पण
**₹ 1349 करोड़ की 10 परियोजनाएँ**

**इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास**

- पीएमजीएसवाई के तहत 76 सड़कें
- पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 25 पुल
- 09 जिलों में 15 ब्लॉक कार्यालय भवन
- केन्द्रीय सड़क निधि के अन्तर्गत 03 सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य
  - कौसानी - बागेश्वर रोड
  - धारी - डोबा - गिरेचिना रोड
  - नमला - किच्छा एस एच रोड डबल लेन
- राष्ट्रीय राजमार्गों को 2 लेन एवं सुदृढ़ीकरण करने का कार्य
  - एन एच 309 बी - अल्मोड़ा - पेट्सल - पनुआनौला - दन्या
  - एन एच - टनकपुर - चल्थी
- प्रदेश में 39 पुल एवं देहरादून में यूएसडीएमए भवन

**पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल और बिजली सुविधाओं की उपलब्धता**

- 38 ग्रामीण पंपिंग पेयजल योजनाएं और 03 ट्यूबवेल आधारित पेयजल योजनाएं
- 419 ग्रामीण ग्रेविटी पेयजल योजनाएं
- थरकोट, पिथौरागढ़ में कृत्रिम झील
- 132 केवी पिथौरागढ़-लोहाघाट-चंपावत ट्रांसमिशन लाइन













**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी**
www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR